दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



रॉकिंग स्टार यश का टॉक्सिक ट्रेलर आउट....

असम बाढ़ के लिए आईं आगे

वर्ष : 12 | अंक : 227 | लखनऊ, 10 अगस्त, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

### देशभर में तिरंगा यात्रा निकली, उपराष्ट्रपति और कई मुख्यमंत्रियों ने दिया संबोधन

# पूरा देश तिरंगा यात्रा के जश्न में डूबा, कश्मीर से लेकर कोलकाता तक और श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) में फ्लैग पॉइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा

योगी ने काकोरी ट्रेन कार्रवाई के 101 वर्ष पूरे होने के मौके पर लखनऊ में तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री के आभारी हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान बढ़ाने कदम उठाए और इनके अपमान को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाकर खड़ा किया।

बांदीपोरा में जश्न



जम्मू कश्मीर में आजादी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा से लेकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता और मध्य प्रदेश के भोपाल तक देश रविवार को तिरंगा यात्रा के जश्न में डूबा रहा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में रहकर लोग देश के राष्ट्रीय प्रतीकों, महापुरुषों, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान नहीं कर सकते। योगी ने रविवार को कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि भारत में रह कर लोग देश के राष्ट्रीय प्रतीकों, महापुरुषों, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान करें। योगी ने काकोरी ट्रेन कार्रवाई के 101 वर्ष पूरे होने के मौके पर लखनऊ में तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने इस मौके पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री के आभारी हैं, जिन्होंने भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान बढ़ाने के लिए कदम उठाए और इनके अपमान को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाकर राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत की गरिमा बढ़ाई।

#### शहीदों के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति : योगी

योगी ने कहा कि महान क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। योगी ने राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्लाह खान समेत स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने काकोरी ट्रेन कार्रवाई के जरिए अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। यह सभी शहीदों के प्रति कृतज्ञता है।



#### महापुरुषों और राष्ट्र का अपमान बर्दाश्त नहीं

योगी ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि भारत में रह कर लोग देश के राष्ट्रीय प्रतीकों, महापुरुषों, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान करें। योगी की अगुवाई में यह तिरंगा यात्रा 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास से विधान भवन तक निकाली गई जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक समेत हजारों लोग शामिल हुए। योगी ने कहा कि राष्ट्रध्वज भारत की सादगी, विकास, विरासत और इसकी आन, बान एवं शान का प्रतीक है।

#### 'वंदे मातरम ' की 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही

योगी ने यह भी कहा कि यह वर्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि देश राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम ' की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। हमारे युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जा से भरपूर हैं। उनमें देश के सामने आने वाली हर चुनौती का सामना करने की क्षमता है। इस ऊर्जा को उचित मंच मिलना चाहिए, ताकि वे खुद को तैयार कर देश को आगे ले जा सकें।

### देहरादून में भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई

## सीएम धामी ने भारतीय सेना के पराक्रम, वीरता को नमन किया



देहरादून। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को भाजपा महानगर देहरादून की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित यात्रा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट भी यात्रा में मौजूद रहे। गांधी पार्क से शुरू हुई तिरंगा यात्रा घंटाघर, दर्शनलाल चौक, लैंसडाउन चौक, कनक चौक और ओरिएंट सिनेमा होते हुए वापस गांधी पार्क पहुंची। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय सेना के पराक्रम और वीरता को नमन किया।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन 8 अगस्त के महत्व को बताया

## पोर्ट ब्लेयर में फ्लैग पॉइंट पर 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) में फ्लैग पॉइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की।



इस अवसर पर उन्होंने ऐतिहासिक सेलुलर जेल का दौरा किया और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब आप अंडमान के बारे में सोचते हैं, तो सिर्फ़ वहां की हरियाली और सुंदरता ही मन में नहीं आती। सावरकर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देशभक्ति की जो लौ जलाई थी, वह आने वाली कई पीढ़ियों तक हर भारतीय नागरिक के दिल में बनी रहेगी।



### जयपुर सहित कई जिलों में तिरंगा यात्रा निकली, डांस भी किया

## भजनलाल और नड्डा ने लहराया तिरंगा, स्कूली बच्चे, युवा और बुजुर्ग रहे शामिल

सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत रविवार को जयपुर सहित कई जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली गईं। बारिश के बीच अल्बर्ट हॉल से राज्यस्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली। सीएम भजनलाल शर्मा और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा भी बारिश में हाथ में तिरंगा लहराते चले। यात्रा रामनिवास बाग चौराहा, सांगानेरी गेट होते हुए बड़ी चौपड़ पर समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर डांस किया। शर्मा ने तिरंगे का राजस्थान से ऐतिहासिक जुड़ाव बताते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 को आजादी के अवसर पर पहली बार फहराया गया तिरंगा राजस्थान की धरती से जुड़ा था। वह तिरंगा दौसा में तैयार किया गया था।

#### पहले की सरकारों ने राष्ट्रगीत को छोड़ दिया: नड्डा

सभा में नड्डा ने कहा कि हाल ही में राज्यसभा में 'प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर (संशोधन) एक्ट, 2026' पारित किया है। 55 साल पहले 'द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट' लाया गया था। इसमें राष्ट्रीय प्रतीकों जैसे संविधान, राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज के अपमान को दंडनीय अपराध घोषित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### 6 दिसंबर को मथुरा में कारसेवा का ऐलान



मथुरा। श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद के बीच मथुरा में साधु-संतों ने आंदोलन तेज करने की घोषणा की है। संतों ने 6 दिसंबर को मथुरा में कारसेवा करने का ऐलान किया है। एक नारा भी दिया है जो कि 'कृष्ण लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे'। मथुरा चित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने अनुमति की मांग की है।

### इस जन्म में पूरा 'वंदे मातरम' नहीं गाएंगे



तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस सांसद राजमोहन उन्नीथन ने कहा कि केरल में वंदे मातरम का पूरा संस्करण 'इस जन्म' में नहीं गाया जाएगा। उन्नीथन ने कहा कि चाहे प्रधानमंत्री हमें गोली मारने की धमकी ही क्यों न दें। विभागों को निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वंदे मातरम को गाने का निर्देश दिया था।

### गरीबों के चावल में 70 करोड़ का कमीशन



नई दिल्ली। आप दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने रेखा गुप्ता सरकार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि इस साल की शुरुआत में गरीबों के लिए निर्धारित चावल को निजी कंपनी को बेचने की योजना बनाई गई थी। रेखा गुप्ता की सरकार बड़े पैमाने पर ऐसा भ्रष्टाचार कर रही है।

### क्रीमी लेयर एससी-एसटी के अधिकारों के खिलाफ



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि देश में बहुजन समाज, खासकर एससी-एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण आर्थिक लाभ का विषय नहीं, बल्कि समानता से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। उन्होंने एससी-एसटी वर्ग को आरक्षण से मिलने वाले लाभ में क्रीमी लेयर की व्यवस्था को अनुचित बताया।

### ममता के काफिले पर हमला

## प्रदर्शनकारियों ने फेंके बड़े-बड़े पत्थर और बोतलें

ममता ने पुलिस पर लगाया आरोप



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के काफिले को उत्तर 24 परगना के हलीशहर में रविवार को प्रदर्शनकारियों ने रोक लिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने काफिले पर पत्थर बरसाए। ममत टीएमसी के दिवंगत कार्यकर्ता बिरजू केओट के परिवार से मिलने जा रही थीं। प्रदर्शनकारियों ने ममता की गाड़ी को घेर लिया और उस पर पानी की बोतलें तथा जूते भी फेंके। इस दौरान उन्होंने स्थानीय पुलिस पर हिरासत में मौत का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। कथित हिंसा के बाद ममता ने कहा कि उनकी गाड़ी पर बहुत बड़े-बड़े पत्थर मारे गए। उन्होंने कहा कि लोग पुलिस के सामने ही आकर हमला कर रहे थे। हम बहुत किस्मत वाले थे। अगर गाड़ी की खिड़की खुली होती तो हमारे सिर फूट जाते और हम सबकी जान भी जा सकती थी। यह सब पुलिस की मौजूदगी में हुआ है।

#### हम सब मारे जा सकते थे: ममता बेनर्जी

ममता ने हमले पर बात करते हुए कहा कि मेरे को बड़े-बड़े पत्थर मारे गए। बाहर से आए हुए कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस के सामने ही मेरी कार पर हमला किया। गाड़ी पर हमला इतना जबरदस्त था कि अगर कार की खिड़कियां खुली होतीं, तो मेरा सिर फट जाता। हम सब मारे जा सकते थे। यह सब पुलिस के सामने हुआ। मैंने पहले ऐसा कुछ कभी नहीं देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है और राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए पुलिस, ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर यही स्थिति रही तो देशभर में व्यापक जनाक्रोश देखने को मिलेगा।

#### कल्याण ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

ममता के काफिले पर हुए हमले को लेकर टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सुवेंदु अधिकारी ने पुलिस विभाग का 12 बजा दिया है।

### झारखंड में छात्रों का 16वें दिन भी विरोध-प्रदर्शन जारी

# छात्रों ने 'खोखले वादे' करने का लगाया आरोप तीनों परीक्षाएं रद्द हों व सीबीआई जांच की जाए

## जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में भूख हड़ताल पर बैठे छात्र

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,**

झारखंड की राजधानी रांची में छात्रों का विरोध प्रदर्शन रविवार को 16वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी छात्रों और राज्य सरकार के बीच बातचीत का दूसरा दौर भी समझौते तक पहुंचने में नाकाम रहा। जेपीएससी की 14वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितता के बाद से ही छात्र जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। कई छात्र नेता भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने सरकार पर खोखले वादे करने का आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि सरकार बार-बार बातचीत तो करती है, लेकिन छात्रों की मांगों को न तो मानती है और न ही उन पर कोई कार्रवाई करती है। इस बीच छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि वे आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे और न ही अपनी मांगों से समझौता करेंगे। उनकी भूख हड़ताल और छात्रों का व्यापक विरोध-प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि उम्मीदवारों द्वारा उठाए गए मुद्दों का कोई ठोस समाधान नहीं निकल जाता। 3 परीक्षाओं को रद्द करने की बात भी सामने आ रही है। इस संबंध में भी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

अपनी मांगों से नहीं करेंगे कोई समझौता

परीक्षाओं में अनियमितता को लेकर बवाल



#### मांगें सरकार माने, समय बर्बाद न करे

छात्र नेता चंदन ने सरकार और प्रशासन पर कहा कि पुलिस अधिकारी और प्रशासन रात में छात्रों को प्रदर्शन स्थल से हटाने की कोशिश कर रहे थे। छात्र अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेंगे और न्याय की मांग करेंगे। सरकार हमारी मांगों को माने और बेकार में समय बर्बाद न करे।

#### आज विधानसभा का घेराव करेंगे छात्र

छात्र नेता महेंद्र प्रसाद मंडल ने कहा कि झारखंड में भ्रष्ट सिस्टम से हमें नौकरी नहीं मिल पाई। सरकार बार-बार प्रतिनिधिमंडल को बुला तो रही है, लेकिन हमारी मांगों पर खुलकर विचार नहीं कर रही है। हमारी मांगों पर बिचार नहीं कर रही है। 10 अगस्त को विधानसभा तक विरोध मार्च भी निकाला जाएगा।

#### जेपीएससी परीक्षा रद्द करने, ईडी जांच पर सहमति, घोषणा नहीं

छात्रों और सरकार के बीच चल रही बैठक खत्म हो गई है। वास्तव में क्या फैसला हुआ, इसको लेकर सरकार या छात्र पक्ष की ओर से आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बैकलॉग परीक्षाओं की जांच कराने और परीक्षा प्रक्रिया में सुधार करने पर भी सहमति की बात आई है। परीक्षा से जुड़े पैसों के लेन-देन की जांच ईडी से कराने की बात भी बैठक में सामने आई है। टीडीपीएलए की ओर से अब तक संचालित परीक्षाओं की भी जांच किए जाने की जानकारी सामने आ रही है।

#### झारखंड में '5-पॉइंट फॉर्मूला का इस्तेमाल संभव

- **प्रशासनिक विभाजन:** झारखंड राज्य प्रशासनिक रूप से 5 प्रमंडलों (उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर, संथाल परगना, पलामू और कोल्हान) में बंटा हुआ है।
- **जेएसी ग्रेस मार्क्स फॉर्मूला:** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जेएसी) द्वारा बोर्ड परीक्षाओं (जैसे 9वीं या 11वीं) में 1 विषय में फेल होने वाले छात्रों को पास करने के लिए 5 अंकों के ग्रेस मार्क्स देने का नियम।
- **झारखंड पुलिस शारीरिक परीक्षण:** झारखंड पुलिस भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में 10 किमी की दौड़ (पुरुषों के लिए) और 5 सेमी सीने का माप/विस्तार जैसे मापदंड शामिल हैं।
- **राजनीतिक या आर्थिक योजना:** राज्य की नीतियों, बजट या संविदा कर्मियों के नियमितीकरण से जुड़े 5 सूत्रीय संकल्प।

#### युवाओं को न्याय मिलेगा और जिम्मेदारों को कड़ी सजा: सोरेन



सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि युवा अधिकारों के लिए विरोध और आंदोलन कर रहे हैं। हमारी सरकार की कार्रवाई की वजह से ही उनमें आगे आने, विरोध करने और अपना हक मांगने की हिम्मत आई है, क्योंकि हमने गड़बड़ियों को उजागर किया है। युवाओं को न्याय मिलेगा और अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

### बाढ़ और बारिश ने देश के कई राज्यों में मचा दी तबाही

# असम में अब तक 99 की मौत, 1.55 लाख लोग 'बेघर'

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

बाढ़ और बारिश की चपेट में आने से असम में अब तक 99 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 1.55 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। गोलाघाट, शिवसागर, और जोरहाट सहित 13 जिले बाढ़ की मार झेल रहे हैं। कई जगहों पर नदियां उफान पर हैं और सड़कें पानी में डूबी हुई हैं। राज्य में कई आवासीय इलाके जलमग्न हो गए हैं जिसके कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। प्रशासन और राहत एजेंसियां (एनडीआरएफ और एसडीआरएफ) युद्ध स्तर पर बचाव और राहत कार्य चला रही हैं और सुरक्षित स्थानों पर लोगों को पहुंचाया जा रहा है।

## कई नदियां उफान पर और सड़कें बन गईं दरिया



#### पूर्वी असम के 4 जिले सबसे ज्यादा प्रभावित

पूर्वी असम के 4 जिले सबसे अधिक प्रभावितहैं, जहां अनेक गांव अब भी जलमग्न हैं और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का अभियान जारी है। प्रशासन ने राहत शिविरों की संख्या बढ़ाई है तथा खाद्य सामग्री, पेयजल, दवाइयों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास तेज किए हैं। राज्य सरकार ने क्षति का आकलन प्रारंभ करने का निर्णय लिया है।

#### हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन ने बढ़ाई मुश्किलें

हिमाचल प्रदेश में लगातार मूसलधार वर्षा के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। 153 सड़कें अवरुद्ध हो चुकी हैं, जिससे अनेक गांवों और कस्बों का संपर्क प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में विद्युत और पेयजल आपूर्ति भी बाधित हुई है।

#### केरल में कई सड़कें और घर पानी में डूबे

केरल में कई इलाकों में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। सैकड़ों लोग राहत शिविरों में हैं। अलाप्पुझा और कोट्टायम जिलों में बाढ़ का कहर जारी रहा, जिससे यातायात बाधित हुआ और लोगों को नावों से निकाला गया। बारिश के मद्देनजर, शनिवार को आठ जिलों के सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी घोषित की गई, और अधिकारियों को कमजोर निवासियों को राहत शिविरों में निकालने को कहा गया है।

### राहुल का केंद्र पर हमला

## दिल्ली में छात्रों पर बर्बरता पर सरकार को जवाब देना होगा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपना रुख और कड़ा कर लिया है।



उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में विरोध मार्च के दौरान छात्रों के साथ कथित पुलिस बर्बरता के लिए माफी मांगने के बजाय ने माफी बांट रहे हैं। राहुल ने एक्स पर कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं और वह पूरी ताकत के साथ उनके साथ खड़े हैं। शाह के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकला। आपको जवाब देना होगा।

#### पीएम मोदी चढ़ावा चोरी पर जवाब दें

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मांग की कि प्रधानमंत्री राम मंदिर से जुड़े दान के गबन और सामानों के गायब होने के आरोपों पर जवाब दें। यह मुद्दा सीधे तौर पर लाखों भक्तों की आस्था से जुड़ा है और प्रधानमंत्री को मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली के बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## ककरवई पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

अमन लेखनी समाचार

ककरवई। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ककरवई थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के मामले में एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में 9 अगस्त 2026 को ककरवई पुलिस ने ठइह केस नंबर 51/17, अ0सं0 779/2016, धारा 379/411 भादवि एवं 4/21 अधिनियम से संबंधित वारंटी संजय अहिरवार पुत्र रामप्रसाद, निवासी ग्राम डुमरई, थाना ककरवई, जनपद झांसी, उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उ0नि0 अंकुर कुमार एवं रि0का0 अमित कुमार वर्मा शामिल रहे। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## दुकान के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर गाली-गलौज और मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के शांतिनगर में दुकान के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में सरोजनीनगर के पिपरसंड स्थित अन्दपुर उमराव निवासी अतुल कुमार वर्मा ने थाना क्षेत्र के हैडिल कॉलोनी निवासी फैजल और शांति नगर स्थित मिश्रा कॉलोनी निवासी सूर्या के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अतुल के मुताबिक वह 22 मई को दोपहर करीब तीन बजे किसी काम से भूमिकुंज इन्फ्राजोन प्राइवेट लिमिटेड आया था। तब उसने अपनी गाड़ी शांतिनगर स्थित पिज्जा गो एंड कैफे के बाहर खड़ी कर दी थी। इस दौरान एक युवक उसे बुलाने आया। अतुल का कहना है कि वह गाड़ी हटाने पहुंचा तो दुकान संचालक सूर्या और फैजल ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। अतुल ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# निगोहा प्रेस क्लब का प्रथम स्थापना दिवस संपन्न

## पत्रकारों ने निष्पक्ष पत्रकारिता और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार




निगोहां, लखनऊ। निगोहां कस्बे स्थित रायबरेली रोड पर रविवार को निगोहां प्रेस क्लब का प्रथम स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया समारोह में मोहनलालगंज तहसील सहित लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से पत्रकार, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, ग्राम प्रधान और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों की एकजुटता, निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता तथा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद उत्तर प्रदेश के चेयरमैन एवं पूर्व राज्यमंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार तिवारी ने प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, महामंत्री प्रदीप कुमार द्विवेदी सहित सभी पदाधिकारियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं क्लब की ओर से अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। डॉ. वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ पत्रकारों को तथ्यों की पुष्टि कर निष्पक्ष और निर्भीक तरीके से समाचार प्रकाशित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की सबसे बड़ी पूंजी उसकी विश्वसनीयता है और पत्रकारों की एकजुटता संगठन की ताकत होती प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल सिंह चौहान ने कहा कि क्लब का उद्देश्य क्षेत्र के पत्रकारों को एक मंच पर संगठित करना और आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठानामहामंत्री प्रदीप कुमार द्विवेदी 'पिंकू' ने कहा कि संगठन भविष्य में पत्रकार हितों के साथ-साथ क्षेत्रीय जनसमस्याओं को भी मजबूती से उठाएगा। वरिष्ठ पत्रकार नागेश्वर द्विवेदी और वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र तिवारी ने भी निष्पक्ष, तथ्यपरक और जनहितकारी पत्रकारिता पर बल दिया समारोह के दौरान समाजसेवी दिलीप यादव ने करीब 100 पत्रकारों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. अजय पाण्डेय 'सत्यम', भाजपा जिला महामंत्री धीरेंद्र पाण्डेय 'धीरू', भाजपा जिला उपाध्यक्ष हंसराज रावत, सपा प्रदेश सचिव अमरपाल सिंह, पूर्व प्रधान अजय सिंह, लखनऊ बार एसोसिएशन के महामंत्री जितेंद्र यादव 'जीतू', एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह, निगोहां थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार उपस्थित रहे। स्थापना दिवस पर केक काटकर सभी ने क्लब के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चोरी कर रहे चोर को मजदूरों ने पकड़ कर पुलिस के किया हवाले, साथी फरार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात ट्रैक्टर से लोहे के पाइप व क्लम्प चोरी कर रहे एक चोर को मजदूरों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि उसके दो-तीन साथी वैगनआर कार से भागने में सफल रहे। पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी के पांच लोहे के क्लम्प और बिना नंबर की हीरो मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के रमघड़ा गांव निवासी सूरज शुक्ला के मुताबिक उन्होंने बंथरा के आजाद विहार कॉलोनी में छत डालने का ठेका लिया था। जिसके लिए वह आठ अगस्त को अपने लेबरों के साथ ट्रैक्टर पर लोहे के पाइप व क्लैंप लादकर आजाद बिहार आए थे। इस दौरान सूरज और उसके मजदूर ट्रैक्टर के पास ही सो गए थे। तभी रात करीब दो बजे वहां पहुंचे चोरों ने मजदूरों के सोने का फायदा उठाकर सामान चोरी करना शुरू कर दिया। आहट होने पर सूरज और उसके साथी अमर सिंह, आनंद, अमन व राजीव जाग गए और उन्होंने एक युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। इस दौरान तलाशी में उसके पास आधार कार्ड मिला और पूछताछ में उसने अपना नाम उन्नाव जिले के असोहा थाना अंतर्गत निमैचा निवासी पवन गौतम पुत्र सुखलाल बताया। तलाशी में उसके पास से चोरी के पांच लोहे के क्लम्प और बिना नंबर की हीरो बाइक मिली। जबकि इस बीच उसके दो-तीन साथी वैगनआर कार से भाग निकले। बाद में पकड़े गए आरोपी को सामान व बाइक सहित थाने ले जाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## निगोहां पुलिस ने पकड़ी कर चोरी, एक ही जीएसटी बिल पर तीन बार ढोया जा रहा था माल

### टोल व विभागीय जांच से बचने के लिए बदले जाते थे रास्ते, वाहन-चालक राज्य कर विभाग के सुपुर्द

अमन लेखनी समाचार/ सौरभ सिंह

निगोहां। निगोहां पुलिस ने रविवार रात वाहन चेकिंग के दौरान जीएसटी चोरी के एक बड़े खेल का पदार्फाश किया पुलिस ने पान मसाला व तंबाकू उत्पाद से लदे एक वाहन को रोककर जांच की तो प्रथम दृष्टया सामने आया कि एक ही जीएसटी बिल और ई-वे बिल के आधार पर तीन बार माल का परिवहन किया जा चुका था। मामला कर चोरी से जुड़ा होने पर पुलिस ने वाहन चालक और माल को राज्य कर विभाग के सुपुर्द कर दिया। निगोहां थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम रतनपुर के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन संख्या वढ-32-दठ-4810 को रोका गया तलाशी लेने पर वाहन में पान पारस ब्रांड का पान मसाला एवं तंबाकू उत्पाद लदा मिला चालक ने अपनी पहचान दिनेश कुमार



गिरी, निवासी राषोपुर, थाना गौरीगंज (अमेठी) के रूप में बताते हुए जीएसटी बिल और ई-वे बिल प्रस्तुत किया दस्तावेजों के सत्यापन में प्रथम दृष्टया यह तथ्य सामने आया कि एक ही बिल और ई-वे बिल का उपयोग कर तीन बार माल की ढुलाई की गई थी पूछताछ में चालक ने बताया कि टोल प्लाजा और राज्य कर विभाग की निगरानी से बचने के लिए वाहन को मुख्य मार्ग के बजाय वैकल्पिक रास्तों से निकाला जाता था। सूचना पर राज्य कर विभाग के असिस्टेंट डिप्टी कमिश्नर अमित तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वाहन, माल व दस्तावेजों की जांच की इसके बाद निगोहां पुलिस ने वाहन, चालक और माल को विभागीय कार्रवाई के लिए राज्य कर विभाग के हवाले कर दिया। निगोहां थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि दस्तावेजों की जांच में कर चोरी की आशंका सामने आने पर तत्काल राज्य कर विभाग को सूचना दी गई विभाग पूरे मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई कर रहा है।

## भदेसुवा के चर्च में धर्मांतरण की सूचना पर हंगामा

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के भदेसुवा गांव स्थित एक चर्च में रविवार को कथित धर्मांतरण की सूचना पर हंगामा हो गया सूचना मिलते ही बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और चर्च में चल रही सभा का विरोध किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से पांच लोगों को पूछताछ के लिए कोतवाली लाया हिंदू संगठन की ओर से मामले में तहरीर दी गई पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही। वही हिंदू संगठन के कार्यकताओं का आरोप है कि चर्च में आयोजित सभा के दौरान बाहर से आए कुछ लोग ग्रामीणों को धर्म परिवर्तन के लिए कथित रूप से प्रेरित कर रहे थे। आरोप है कि बीमारी व अन्य परेशानियों से राहत दिलाने का भरोसा देकर लोगों को धार्मिक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा था सूचना मिलने पर संगठन के कार्यकताओं ने चर्च पहुंचकर विरोध जताया और पुलिस को सूचना दी हिंदू संगठन के विमलेश शर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि भदेसुवा गांव में लंबे समय से चर्च की गतिविधियां संचालित हो रही उनका कहना कि रविवार को आयोजित सभा में बाहरी लोगों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की ग्रामीणों का कहना है कि गांव में करीब 15 वर्ष पूर्व चर्च का निर्माण हुआ था और समय-समय पर यहां धार्मिक सभाएं आयोजित होती रही हिंदू संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि धर्म परिवर्तन कर चुके एक व्यक्ति के माध्यम से धार्मिक गतिविधियां संचालित कराई जा रही तथा इन गतिविधियों का संचालन गनियार गांव स्थित चर्च से जुड़े लोगों की देखरेख में होता हालांकि इन आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि चर्च में कथित धर्मांतरण की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। वहां मौजूद पांच लोगों को पूछताछ के लिए कोतवाली लाया गयातहरीर प्राप्त हुई और सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही जांच में जो भी तथ्य और साक्ष्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि सभा का उद्देश्य क्या था और धर्मांतरण से जुड़े लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य और पुलिस एहतियात के तौर पर निगरानी बनाए हुए है।

## रतनगढ़ माता मंदिर से जल भरकर निकली कांवड़ यात्रा गरौठा पहुंची



### हर-हर महादेव के जयकारों से शिवमय हुआ वातावरण

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। श्रावण मास में भगवान शिव की भक्ति का उत्साह चरम पर है। क्षेत्र में जगह-जगह शिवभक्तों द्वारा कांवड़ यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में रविवार को ग्राम एवनी से बड़ी संख्या में शिवभक्त रतनगढ़ माता मंदिर पहुंचे और वहां से पवित्र जल भरकर कांवड़ लेकर अपनी धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए। कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्त हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए गरौठा पहुंचे। कांवड़ियों के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति विशेष आस्था और उत्साह देखने को मिला। सभी शिवभक्त पैदल यात्रा करते हुए कांवड़ लेकर आगे बढ़े। गरौठा से कांवड़ यात्रा ने ग्राम एवनी के लिए प्रस्थान किया। शिवभक्त पैदल यात्रा करते हुए ग्राम एवनी स्थित शिव मंदिर पहुंचेंगे, जहां विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद रतनगढ़ माता मंदिर से लाए गए पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। श्रावण मास में होने वाली इस कांवड़ यात्रा को लेकर क्षेत्र के शिवभक्तों में विशेष उत्साह है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन नजर आए। वहीं, ग्रामीणों द्वारा भी कांवड़ियों का स्वागत एवं सहयोग किया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक का हाथ कटा, गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार



घायल अवस्था में युवक – फोटो

लखनऊ। ट्रेन की खिड़की के पास बैठकर सफर कर रहा एक युवक का अचानक संतुलन बिगड़ने से चलती ट्रेन के नीचे जा गिरा जिससे उसका एक हाथ काटने से वह बुरी तरह से घायल हो गया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। बिहार के जनपद बेगूसराय थाना प्रेमनगर निवासी रवि (22) रविवार को ट्रेन से खिड़की के पास बैठकर दिल्ली से अपने घर बिहार जा रहा था तभी वह मलिहाबाद रेलवे स्टेशन के पास डाउन ट्रैक पर अचानक उसका संतुलन बिगड़ने से ट्रेन के नीचे जा गिरा जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसमें उसका बयां हाथ कट गया और सीने और सिर पर गंभीर चोट पहुंची। जिससे वह बेसुध हो गया स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि सिर पर अत्यधिक चोट लगने के कारण युवक अपना नाम पता नहीं बता सका. केजीएमयू ट्रामा सेंटर में कई घंटे तक चले इलाज के बाद होश आने पर युवक ने अपनी पहचान बताई जिसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दी।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के नारायण खेड़ा गांव में शनिवार को 28 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई घटना की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही जानकारी के अनुसार, नारायण खेड़ा गांव निवासी दुर्गा प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार शनिवार को घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों ने आवाज लगाई कोई जवाब न मिलने पर अंदर जाकर देखा तो अवधेश का शव फंदे से लटका हुआ यह दृश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए घटना की सूचना तत्काल निगोहां पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया इसके बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल परिजन युवक के इस कदम से स्तब्ध ग्रामीणों के अनुसार अवधेश के आत्महत्या करने के पीछे क्या वजह रही, इसकी किसी को स्पष्ट जानकारी नहीं पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना से जुड़े तथ्यों को जुटाने का प्रयास कर रही साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि युवक किसी मानसिक तनाव पारिवारिक समस्या या अन्य किसी कारण से परेशान तो नहीं था। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि नारायण खेड़ा गांव में युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली थी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा हालांकि आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में कोई अन्य तथ्य सामने आते हैं तो उसी के अनुरूप विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तहरीर के मुताबिक, लखनऊ के सेक्टर एफ, एलडीए पराग कानपुर रोड निवासी सोनी यादव ने अपनी बेटी मनीषा यादव की शादी वर्ष 2016 में माल थाना क्षेत्र के ग्राम भेलिया पुरवा निवासी अमित कुमार यादव के साथ की थी। आरोप है कि शादी के दौरान मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद मनीषा के पति अमित कुमार यादव, ससुर राम कुमार यादव, देवर विजय कुमार यादव और अजय कुमार यादव कथित तौर पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे आए दिन प्रताड़ित करते थे।

मृतका की मां का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग पांच लाख रुपये नकद की मांग करते थे और रुपये न लाने पर मनीषा को घर से निकालने और जान से मारने की धमकी दी जाती थी। तहरीर में शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का भी आरोप लगाया गया है।

परिजनों के अनुसार, रविवार दोपहर करीब दो बजे उन्हें पड़ोसी के माध्यम से मनीषा की मौत की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंचे तो मनीषा का शव कमरे के बाहर मिला। मायके पक्ष ने उसके शरीर पर चोट के निशान होने का भी दावा किया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हर घर तिरंगा यात्रा में देहरादून ने दिया एकता का संदेश

अमन लेखनी समाचार

देहरादून। हर घर तिरंगा अभियान के तहत देहरादून में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में निकली पदयात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। हाथों में राष्ट्रध्वज लिए लोगों ने देशभक्ति के नारों के बीच राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। यह स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण की स्मृति को जीवंत रखता है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत बनाए रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। सीएम धामी ने प्रदेशवासियों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में राष्ट्रध्वज फहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस को व्यापक जनसहभागिता के साथ मनाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपर्व तभी सार्थक होगा, जब इसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी हो और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना और मजबूत हो। पदयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री घंटाघर पहुंचे। उन्होंने उत्तराखंड आंदोलन के अग्रणी व्यक्तित्व स्व. इंद्रमणि बडोनी और संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मुख्यमंत्री नागरिकों के साथ यात्रा में शामिल हुए और गांधी पार्क से घंटाघर तक पैदल चले। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में निर्माण, डिजिटल सेवाओं, नवाचार, स्टार्टअप और स्वदेशी तकनीक को प्रोत्साहित किए जाने से आत्मनिर्भरता को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि भारत अब वैश्विक मंच पर अपनी क्षमता और सामर्थ्य के आधार पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक नीति अपनाई है।

## भक्ति में डूबा अटेर, शिवनाम के जयघोष से गूंजा मंदिर

### रुद्राभिषेक, अखंड 'ॐ नमः शिवाय' जप-कीर्तन और भव्य दीपोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद के अटेर गांव स्थित सिद्ध पीठ बाराही देवी मंदिर रविवार को आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन गया। मंदिर परिसर में निःशुल्क रुद्राभिषेक, अखंड ह्यॐ नमः शिवायह्न जप-कीर्तन महायज्ञ और भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव और माता बराही की आराधना की तथा परिवार और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं सर्वकल्याण की कामना की।

अयोध्या धाम से पधारे पूज्य श्री बाल स्वामी जी महाराज के पावन मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद में रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने जल, दूध, दही, शहद, घी समेत विभिन्न पूजन सामग्रियों से भगवान शिव का अभिषेक किया। रुद्राभिषेक के दौरान मंदिर परिसर ह्यहर-हर महादेवह्न, ह्यबम-बम भोलेह्न और ह्यॐ नमः शिवायह्न के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की भक्ति और शिवनाम संकीर्तन से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

### 15 वर्षों से चली आ रही परंपरा

आयोजन समिति के अनुसार सिद्ध पीठ बाराही देवी मंदिर में यह धार्मिक आयोजन लगातार 15 वर्षों से श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया जा रहा है। इसी परंपरा के तहत अखंड ह्यॐ नमः शिवायह्न जप-कीर्तन महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मंदिर परिसर में लगातार गूंजते शिवनाम ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।



### दीपों की रोशनी से नहा उठा बाराही देवी धाम

रुद्राभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान के समापन के बाद मंदिर परिसर में भव्य दीपोत्सव आयोजित हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित किए, मंदिर परिसर में सजे दीपों की मनमोहक छटा ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दीप प्रज्वलित करते हुए लोगों ने भगवान शिव और माता बराही से सुख-शांति, समृद्धि और सर्वमंगल की प्रार्थना की।

### विदेश में रहकर भी नहीं भूले सनातन परंपरा

जर्मनी में रहने वाले रवि चौहान ने भी धार्मिक आयोजन में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि विदेश में रहने के बावजूद अपनी सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़े रहना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं की आस्था की सराहना की।

आयोजन समिति के संरक्षक रमेश सिंह चौहान ने संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार जताया। व्यवस्थापक गुड्डू सिंह एवं विजय सिंह के नेतृत्व में पूजा-अर्चना, बैठने, पेयजल, प्रसाद सहित अन्य व्यवस्थाएं संभाली गईं। समिति के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी तत्परता से व्यवस्थाएं संभालीं। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पुरानी रंजिश को दंपति को लाठी डंडों से पीटा

सुमेरपुर, उन्नाव।बारासगवर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दम्पति पर पड़ोसियों ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना बारा सगवर क्षेत्र के ग्राम बृम्हाखेड़ा निवासी जितेंद्र बहादुर पुत्र रामऔतार वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 अगस्त की सुबह लगभग 6 बजे पुरानी बात को लेकर पड़ोस के संजय और सर्वेश पुत्रगण रामपाल ने उन्हें पकड़ लिया और अपने दरवाजे पर ले गए।आरोप है कि दोनों आरोपियों ने उनके साथ गंदी-गंदी गालियां देते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।जब जितेंद्र चीखने-चिल्लाने लगे, तो उन्हें बचाने आई उनकी पत्नी अंजली के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता की और मारपीट की। गांव के लोगों को इकट्ठा होते देख दोनों आरोपी पीड़ित और उनकी पत्नी को छोड़कर भाग निकले। जाते-जाते आरोपियों ने दम्पति को जान से मारने की धमकी भी दी।मारपीट में जितेंद्र को हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच उपनिरीक्षक (रक) राजेंद्र कुमार मिश्रा को सौंपी गई है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक को लाठी डंडों से पीटा

बीघापुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्रेमी खेड़ा निवासी अनुराग( सूरत पुत्र राजबहादुर) ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मैं शनिवार को सायंकाल 7:30 बजे मर्दनपुर मार्ग कूड़ा दान के सामने प्रार्थी को विशाल पुत्र कृष्ण कुमार व अन्य लोगों ने रोका और गंदी-गंदी गालियां देने लगी जब मैं इसका विरोध किया तब इन लोगों ने मुझे लाठी डंडों से पीटा और गंदी-गंदी गालियां वह जान से मार देने की धमकी दी जोर से चिल्लाया तक यह लोग डर के मारे भाग गए और मैं वहीं पर गिर गया मेरे घर वाले मुझे अस्पताल लेकर इलाज कराया तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

### मां आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री व बेटी का सहायिका के पद पर हुआ चयन बना चर्चा का विषय

बांगरमऊ, उन्नाव। माँ आंगनवाड़ी कार्यकत्री व पुत्री का चयन सहायिका के रूप में कर दिया गया है।पौषाहार विभाग की इस कार्यशैली की क्षेत्र में चर्चा जोरो पर है।वही विभागीय जिम्मेदार मामले की जानकारी कराकर उचित कार्यवाही की बात कह रहे है। ज्ञात हो बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की तरफ से पूर्व में खाली पड़े केंद्रों पर आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पद भरे गये है जिनमें से बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा मुजावर ग्राम पंचायत के बिहारी खेड़ा केंद्र पर प्रांजलि देवी को सहायिका के रूप में चयन किया गया जिसके बाद चंद दिनों पूर्व केंद्र की कार्यकत्री आशा देवी द्वारा उन्हें केंद्र पर ज्वाइन भी करा दिया गया है। अब चर्चा तेज हो रही है कि केंद्र की मुख्य कार्यकत्री आशादेवी व नव चयनित सहायिका प्रांजलि देवी दोनों के बीच रिश्ता मा बेटी का बताया जा रहा है जिससे चर्चा है कि मां ने अपनी ही बेटी को केंद्र पर पदभार ग्रहण कराया है। जबकि इस चयन प्रक्रिया के ठीक विपरीत सचिव उत्तर प्रदेश शासन अनामिका सिंह द्वारा जारी किए गए निर्देश पत्र में एक ही केंद्र पर मा बेटी के चयन ना किये जाने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में सी डी पी ओ गंजमुरादाबाद कमलेश सोनी ने कहा है सोमवार को चयन प्रक्रिया की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## सीनियर लेवल एजुकेशन की तीन दिवसीय प्रांतीय कार्यशाला का समापन

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव । गंगानगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रही सीनियर लेवल एजुकेशन की तीन दिवसीय प्रांतीय कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया। सात से नौ अगस्त तक आयोजित कार्यशाला में शिक्षा के बदलते स्वरूप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नई शिक्षा नीति तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।



समापन सत्र का शुभारंभ विद्या भारती के क्षेत्रीय विषय संयोजक गजेंद्र सिंह तथा अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के आईटी विभाग के विभागाध्यक्ष उपेंद्र अधिकारी सहित अन्य अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं कार्यशाला संयोजक डॉ. बृजेंद्र मिश्रा ने उपस्थित अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यशाला के समापन सत्र में आईटी विशेषज्ञ उपेंद्र अधिकारी ने वर्तमान दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती उपयोगिता और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि तकनीक के तेजी से बदलते दौर में शिक्षा के क्षेत्र में भी एआई की भूमिका लगातार बढ़ रही है। शिक्षकों और विद्यार्थियों को इसके सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा, अध्ययन, सूचना संकलन और सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने में एआई की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद विद्या भारती के क्षेत्रीय विषय संयोजक गजेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति की अवधारणा और वर्तमान शिक्षा पद्धति में उसके प्रभाव पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उनकी प्रतिभा, रचनात्मकता, जिज्ञासा, कौशल एवं तार्किक क्षमता का विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करने तथा उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बदलते शैक्षिक परिवेश के अनुरूप स्वयं को अपडेट करते रहें और आधुनिक तकनीक एवं नवीन शिक्षण विधियों का प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। कार्यशाला में शिक्षकों की विभिन्न जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों पर भी चर्चा की गई और विशेषज्ञों ने उनके समाधान बताए। कार्यक्रम का संचालन अवध प्रांत के सह प्रांत विषय संयोजक रामसागर तिवारी ने किया। समापन अवसर पर कार्यशाला संयोजक एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बृजेंद्र मिश्रा ने तीन दिवसीय कार्यशाला को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों को नवीन शैक्षिक चुनौतियों से परिचित कराने के साथ ही शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर प्रांतीय शैक्षिक प्रमुख सुरेश सिंह, उन्नाव संकुल के विषय संयोजक अशोक कुमार त्रिपाठी सहित प्रांत एवं संकुल स्तर के पदाधिकारी, शिक्षक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न सत्रों में प्रतिभाग कर आधुनिक शिक्षा पद्धति और तकनीकी बदलावों की जानकारी प्राप्त की।

## अयोध्या से जुड़ी आस्था, फिर भी विकास से कोसों दूर परियर धाम

अमन लेखनी समाचार

परियर, उन्नाव। अयोध्या से सीधे आस्था और रामायणकालीन मान्यताओं से जुड़ा परियर धाम आज भी विकास की राह देख रहा है। गंगा तट पर स्थित पौराणिक बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है, लेकिन पर्यटन विकास और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में यह ऐतिहासिक स्थल अपेक्षित पहचान हासिल नहीं कर सका है। स्थानीय मान्यता के अनुसार त्रेतायुग में महर्षि वाल्मीकि के मंत्रोच्चारण के बीच लव-कुश ने गंगा की बालू से शिवलिंग स्थापित कर पूजा-अर्चना की थी। मान्यता है कि भगवान श्रीराम के अश्वमेघ यज्ञ के दौरान लव-कुश ने परियर से करीब पांच किलोमीटर पहले पावा गांव के पास यज्ञ का अश्व पकड़ लिया था। इसके बाद अयोध्या की चतुरंगिणी सेना से उनका युद्ध हुआ।कहा जाता है कि युद्ध से पहले लव-कुश ने बाबा बलखंडेश्वर की पूजा की और उनके आशीर्वाद से



अयोध्या की सेना का बल खंडित हुआ।इसी मान्यता के चलते शिवलिंग का नाम बाबा बलखंडेश्वर महादेव पड़ा।सावन, अमावस्या, पूर्णिमा और महाशिवरात्रि पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर बाबा का जलाभिषेक करते हैं।प्रत्येक सोमवार और प्रमुख पर्वों पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना होती है।इसके बावजूद श्रद्धालुओं के लिए पक्के घाट, पर्याप्त सुविधाएं, बेहतर मार्ग, साफ-सफाई और व्यवस्थित पर्यटन ढांचा अब भी बड़ी जरूरत बने हुए हैं।तीर्थ पुरोहित लवकुश द्विवेदी का कहना है कि अयोध्या को विकास के माध्यम से विश्वस्तरीय पहचान मिली है, लेकिन लव-कुश से जुड़ी मान्यता वाले परियर धाम को अपेक्षित महत्व नहीं मिल सका। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रवि मिश्रा ने परियर को धार्मिक पर्यटन सर्किट से जोड़ने की मांग की है।उनका कहना है कि यहां पक्के घाट, श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं, सौंदर्यीकरण और मंदिर कॉरिडोर विकसित किया जाए। इससे धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

पूर्व प्रधान देवीप्रसाद ने परियर को लव-कुश से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर विकसित करने की मांग की है। वहीं राजेश दीक्षित ने भी बाबा बलखंडेश्वर धाम को धार्मिक एवं पर्यटन महत्व के आधार पर प्राथमिकता देने की अपील की।

ग्रामीणों की मांग साफ है—जब अयोध्या रामायणकालीन आस्था के केंद्र के रूप में विश्व पटल पर पहचान बना सकती है, तो लव-कुश की मान्यताओं से जुड़े परियर धाम को आखिर विकास की मुख्यधारा में जगह क्यों नहीं मिलनी चाहिए?

## डीआरडीओ वैज्ञानिक निखिल पटेल का हर्ट अटैक से निधन, अंतिम दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव, पुरवा । चमियानी। डीआरडीओ में वैज्ञानिक पद पर कार्यरत डॉ. सुभाष पटेल के पुत्र निखिल पटेल का शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे हृदयाघात से निधन हो गया।परिजन सूचना मिलते ही देहरादून रवाना हुए और देर रात करीब 2 बजे पार्थिव शरीर लेकर चमियानी पहुंचे। निखिल के निधन की खबर से परिवार में कोहराम मचा है। पत्नी सुभी (40) और करीब (7) वर्षीय पुत्र पर्व तथा परिवार में मां बाप भाई बहन अन्य रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल है।शनिवार सुबह अंतिम दर्शन के लिए क्षेत्र के हजारों लोग जुटे। पूर्व सपा विधायक उदय राज यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार पटेल समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।



निखिल तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थे। उनके छोटे भाई स्वप्निल उर्फ सनी भी डॉक्टर हैं। निखिल के कार्यालय से आए सहकर्मियों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया चेहल्लुम का पर्व

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में क्षेत्र के जोगीकोट गांव में चेहल्लुम का पर्व अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस दौरान फिजा में ₹या हुसैन₹ की सदाएं गूंजती रहीं और हर आंख नम नजर आई चेहल्लुम के मौके पर आसपास के इलाकों से मातमी अंजुमनों ने शिरकत की। कार्यक्रम में कानपुर, तकिया, घुघेरा सादात, आसत, हयात नगर भौंरा और जोगीकोट सहित तमाम अंजुमनों ने पूरे जोश और गमगीन माहौल में नौहाख्वानी की। कर्बला के शहीदों के दर्द को बयां करते हुए जब नौहे पढ़े गए, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें छलक उठीं। नौहाख्वानी के साथ मातम का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। चेहल्लुम के पर्व को लेकर जोगीकोट गांव में विशेष उत्साह देखा गया। पर्व के मद्देनजर गांव को बेहद खूबसूरत तरीके से सजाया गया था। मुख्य मार्गों और मर्सिया-ए-हुसैन के रास्तों पर आकर्षक रोशनी और परचमों से बेहतरीन सजावट की गई थी,जो देखते ही बन रही थी। इसके साथ ही गांव में जगह-जगह लंगर का भी माकूल इंतजाम किया गया था। आयोजन की भव्यता और अनुशासन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस धार्मिक और रूहानी आयोजन में बांगरमऊ के पूर्व पालिका अध्यक्ष इजहार खां गुड्डू, अलाउद्दीन उर्फ बब्लू प्रधान, जियाउद्दीन, मौलवी जमील अहमद, मो० शमीम, इशरत अली उर्फ मुनारे प्रधान,शीबू, वकार, कुतुबुद्दीन, आतिफ जिया, फजलुर्रहमान समेत हजारों की तादद में अकीदतमंदों ने पहुंचकर इमाम हुसैन की बारगाह में अपनी हाजिरी दर्ज कराई। स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से चेहल्लुम का कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ। जुलूस और मजलिस के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे अकीदतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों ने जमकर बरसाए एक दूसरे पर लाठी डंडे

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बारासगवर थाना क्षेत्र के पिपरासर गाँव मे कचरा फेंकने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों की महिलाओं की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज हो गया है । मामले की जांच क्षेत्रधिकारी बीघापुर को सौंपी गई है। थाना बारा सगवर क्षेत्र के ग्राम पिपरासर में 3 अगस्त की सुबह कचरा डालने के 50 साल पुराने स्थान (घूर) को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, गाली-गलौज और अभद्रता का मामला सामने आया है। पहले पक्ष मंजू देवी पत्नी श्रवण कुमार पासी ने आरोप लगाया की 3 अगस्त सुबह लगभग 6 बजे जब वह अपने घूर पर कचरा डालने गईं, तो वहां पहले से घात लगाकर बैठे मोहित, हरिशंकर, बच्चान, शिवशंकर, विजयशंकर, लक्ष्मी आदि ने धारदार हथियार व लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। मंजू देवी के अनुसार, आरोपियों ने उन्हें डंडों से मारकर गिरा दिया, जातिसूचक गालियां दीं, कपड़े फाड़ दिए और सीने पर बैठकर गर्दन दबाने की कोशिश की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भीड़ जुटने पर आरोपी उनके घर में घुस आए और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष रिंकी देवी बाजपेई (पत्नी विजयशंकर) ने भी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसी समय जब वह अपने 50 साल पुराने घूर पर कचरा डालने गईं, तो दूसरे पक्ष के महावीर, सरवन, विष्णु देई, रेखा और अंकिता उर्फ गोमती ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। रिंकी देवी का आरोप है कि महावीर और सरवन ने उनके साथ अभद्रता करते हुए गंदी गालियां दीं, जमीन पर गिराकर सीने पर बैठकर गर्दन दबाई और कपड़े फाड़ दिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने घर में घुसकर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी और पुलिस-प्रशासन को भी गालियां दीं। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया दोनो ही पक्षो के तेरह लोगो पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई है।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दो निजी बसे दुर्घटनाग्रस्त तीन दर्जन से अधिक सवारियां घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। रविवार की अलसुबह बांगरमऊ व बेहटा मुजावर क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अलग अलग दो निजी कंपनी की सवारी बसे दुर्घनाग्रस्त हो गई दोनो बस हादसों में कुल 43 लोग घायल हो गए जिनमें से 32 को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया हादसे के बाद एक्सप्रेसवे से लेकर अस्पताल तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा यूपीडा टीम व पुलिस बल द्वारा आनन फानन में घटना का रेस्क्यू कर यातायात बहाल कराया गया। पहली घटना में अयोध्या जिले के अतरंगा क्षेत्र निवासी बस चालक अंकित अपने परिचालक आदर्श के साथ बस में लगभग 65 सवारियां लेकर दिल्ली से लखनऊ जा रहा था। तभी रविवार सुबह लगभग 5 बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में गांव शादीपुर के निकट चालक को झपकी लगने से बस अनियंत्रित होकर एल्यूमीनियम गार्ड



तोड़ते हुए लगभग 15 फीट गहरी खंती में जाकर पलट हुई। हादसे में चालक और परिचालक समेत कुल 35 सवारियां घायल हो गई। वहीं दूसरी घटना में सिद्धार्थ नगर जिले के मोहाना शिवपत नगर निवासी चालक आशिक खान बस में करीब 65 सवारियां लेकर दिल्ली से गोंडा जा रहा था। तभी बांगरमऊ क्षेत्र के देवखरी गांव के पास चालक को झपकी आने से बस आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में चालक समेत कुल 8 सवारियां घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही यूपीडा टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया। बांगरमऊ सीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद 32 गंभीर घायलों को रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम ब्रजमोहन शुक्ला,सीओ हर्ष मोदी, कोतवाल बांगरमऊ अखिलेश चंद्र पांडेय,थाना प्रभारी बेहटा मुजावर राजकुमार घटनास्थल पर पहुंच गए। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि दोनों हादसों में लगभग 40 घायल हुए हैं। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**अचानक एक साथ अस्पताल में घायल पहुंचने से चिकित्सा अधीक्षक मुकेश सिंह, सुनील राठौर, पियूष मिश्रा, अशोक वर्मा आदि डाक्टर व फार्मासिस्ट प्रेमचंद व आर बी राजपूत इन स्वास्थ्य कर्मियों की टीम इलाज करने में जुटी रही।**

**दोनो बस हादसे रविवार की सुबह लगभग 15 मिनट के अंतराल में हो गए पहली बस करीब 4:45 पर देवखरी गांव के पास हादसे का शिकार हो गई जबकि लगभग 5 बजे दूसरी बस भी हादसे का शिकार हुई जिससे अल्प समय में दोनो हादसे होने से घायलों को लाने ले जाने में एंबुलेंस की धमाचौकड़ी बनी रही तो अस्पताल स्टाफ में भी अफरा तफरी का माहौल बन गया।**

## व्यापार मंडल इकाई का किया गया पुनर्गठन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंत नगर स्थित एक रिजॉर्ट में पुनः भगवंतनगर व्यापार मंडल इकाई का पुनर्गठन कर दिया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार पटेल मंडल के जिला अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव के द्वारा अध्यक्ष पद पर उमाशरण, महामंत्री दीपक नारायण कोषाध्यक्ष संजय सोनी, उपाध्यक्ष विमल बाजपेई, मंत्री राजा शुक्ला, संगठन मंत्री पंकज गुप्ता ,संयुक्त मंत्री महेंद्र कुमार वर्मा एवं भगवंत नगर प्रभारी सचिन तराना व वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार को मनोनीत किया गया। व्यापारियों को संबोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव ने बताया व्यापारियों का संगठन उनका सुरक्षा कवच है और वह अपने संगठन के माध्यम से सरकार से अपनी मांगों को पूरा कर सकते हैं और उत्पीड़न दोहन शोषण से अधिकारियों से बच सकते हैं ।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल व्यापारियों का सबसे बडा संगठन है आज के कार्यक्रम में जिले के प्रमुख पदाधिकारीयों में जिला महामंत्री सुनील गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष मुन्नू लाल कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष राज बहादुर सिंह जिला सचिव प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



## पति-पत्नी के 53 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में नीतू सिंह अध्यक्षा वामा सारथी जनपद की अध्यक्षता में परिवार परामर्श केन्द्र एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 11,थाना कोतवाली सदर से 08, ,थाना मौरावां, महिला थाना से 05-05, थाना पुरवा से 04, थाना हसनगंज, थाना अचलगंज, थाना औरास से 03-03, थाना बांगरमऊ, थाना बारासगवर,थाना गंगाघाट, थाना फतेहपुर चौरासी से 02-02, थाना अजगैन, थाना बेहटामुजावर व थाना दही से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, डॉ0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 अबसार अली, डा0 सगीर अहमद, डॉ0 एस.के.पाण्डेय, संजय चौरसिया, शिल्पी श्रीवास्तव ,डॉ0 शशिरंजना अग्निहोत्री एवं सहयोगी सलाहकारों में शिवेन्द्र चौहान तथा पुलिस टीम में उप निरीक्षक कल्लूराम यादव, महिला उप निरीक्षक रेखा सिंह, महिला उप निरीक्षक मिथलेश वर्मा, कमलेश कुमारी, उपासना पाठक विनय गुर्जर, तेजेन्द्र चाहर, प्रियंका मिश्रा, राखी राघव, अलका यादव, अंजली राजपूत, रेणु कटियार, वंदना कटियार, दुर्गेश अंशू रानी, शिखा, पूजा यादव अंजली, श्वेता यादव, रूबी राव, अंजली आर्य पूनम शाक्य, सेविका, चिन्तन, स्वाती यादव, बबली, पूनम यादव प्रेमलता, शीलू पाल, मानसी तिवारी का विशेष योगदान रहा।

## रिश्वत लेते डाक कर्मी गिरफ्तार विभाग में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। डाक निरीक्षक कार्यालय में तैनात कार्यालय सहायक को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभार्थी के अनुदान सत्यापन में ?25000 रिश्वत लेते सीबीआई द्वारा पकड़े जाने पर विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। विभागीय अधिकारी जहां मोबाइल स्विच ऑफ करके सीबीआई की जांच की आंच आने को लेकर भयभीत नजर आ रहे हैं वही मामले में जानकारी भी देने से कतरा रहे है। डाक अधीक्षक रवि कुमार ने मामले की जानकारी पूछे जाने पर फोन को काटकर स्विच ऑफ कर दिया। तहसील क्षेत्र के गांव लालता प्रसाद खेड़ा के रहने वाले अमरेंद्र कुमार ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत बेकरी व्यवसाय के लिए 10 लख रुपए लोन उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक भगवंत नगर से लिया था जिसमें 349500 का अनुदान बैंक में पहुंच गया था। योजना के नियम के अंतर्गत अनुदान लोन में स्थानांतरित करने के पूर्व डाक विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाना जरूरी होता है। बीघापुर डाक निरीक्षक



कार्यालय में तैनात सहायक कमल जायसवाल योजना के लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य डाक निरीक्षक विश्वजीत सिंह के मौके पर न जाने के स्थान पर करता रहता था। जानकारों का कहना है कि कई लाभार्थियों से अनुदान में रिश्वत की मांग करके उसका एक बड़ा हिस्सा डाक निरीक्षक को पहुचाता था। शनिवार को सीबीआई द्वारा कार्यालय सहायक कमल जायसवाल जो अलीगंज लखनऊ का रहने वाला है को जानकारी के अनुसार पीजीआई अस्पताल के पास लाभार्थी से ?25000 की रिश्वत लेते सीबीआई टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया और उसके खिलाफ दर्ज केस में गिरफ्तारी कर ली। शनिवार की शाम को खबर फैलते ही डाक विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। एक कर्मचारी ने नाम न छापने के अनुरोध से कहा कि तैनात डाक निरीक्षक द्वारा रिश्वत लेने के कई प्रकरण शिकायतों में आते हैं किंतु उन्हें दफा दफा कर दिया जाता है। सीबीआई की रिश्वत के मामले में महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के निचले स्तर पर पहले भ्रष्टाचार की कड़ी कहीं रिश्वत के मोहरे की जांच तक समाप्त होगी या फिर भ्रष्टाचार के असली चेहरे को भी लपेटे में ले पाएगी। बीघापुर सब डिवीजन में योजना के अंतर्गत चमियानी, बारा व बीघापुर के आधा दर्जन से अधिक लाभार्थियों की सत्यापन का कार्य डाक निरीक्षक द्वारा कार्यालय सहायक को भेज कर कराया गया जिनमें भी भारी लेनदेन की चचाएं बनी हुई वहीं डाक निरीक्षक के खिलाफ शाखा डाकपाल तबस्सुम निशा द्वारा बारा थाने में पहले कई गंभीर आरोपों की शिकायतें की गई किंतु उन्हें प्रभावशाली डाक निरीक्षक ने पुलिस के सहयोग से रफा-दफा कर दिया। कर्मचारियों के बीच डाक निरीक्षक का आलम यह है कि जो भी कर्मचारी कोई शिकायत करता है उसे विभागीय नियमों की आड़ में परेशान किया जाता है।

## चुनावी रंजिश में हवाई फायरिंग ग्रामीणों में फैली दहशत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गौरा गांव की ग्राम सभा दरियापुर में चुनावी रंजिश को लेकर अचानक माहौल तनावपूर्ण हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, पुरानी चुनावी रंजिश के चलते राकेश यादव नामक व्यक्ति ने खुलेआम हवाई फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी की आवाज से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों के बीच भारी दहशत फैल गई।स्थानीय निवासियों के अनुसार, ग्राम सभा दरियापुर में विजयपाल व राकेश यादव के बीच चुनावी प्रतिद्वंद्विता को लेकर पिछले कुछ समय से तनाव की स्थिति बनी हुई थी। रविवार को विजय पाल किसी काम से 4बजे शाम पास के गांव रामनाथ खेड़ा जा रहा था । गांव के पास गांव का ही राकेश कुमार यादव पहले से ही मौजूद था । विजयपाल दुकान में कुछ सामान लेने के लिए रुका तो पुरानी रंजिश को लेकर राकेश कुमार यादव ने विजयपाल पर हमला कर मारने पीटने लगा ।दुकानदार के बीच बचाव के बाद विजयपाल वहां से भगा कर गांव आ गया। और घर वालों को घटना की जानकारी दी ।घटना की जानकारी करने विजयपाल के पारिजन जब राकेश के घर पहुंचे ते राकेश सभी को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी से विजय पाल के छोटे भाई फन्नर को मारापीटा ।इसके बाद राकेश ने छत से हवाई फायरिंग कर दी। गोलीबारी की आवाज सुनते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। गौरतलब है राकेश पिछले 15 वर्षों से अपनी ससुराल में ही रह रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ा दी है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## स्वंतत्रता संग्राम सेनानी के पैतृक गांव में मनाई गई जयंती

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।स्वत्रंत्रता संग्राम सेनानी व मनीषी कवि प० शिवधार मिश्र की 106 वी जयन्ती रविवार को उनके पैतृक गांव हुलासीखेड़ा में बैसवारा क्षेत्रीय कल्याण समिति द्वारा कवि सम्मेलन के साथ मनाई गई ।इस अवसर पर कवियों , साहित्यकारों एवं समाजसेवियों ने पहुंच कर उनकी प्रतिमा मे पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दोपहर में हुए काव्यपाठ में वाणीपुत्र डॉ अंजनी कुमार सिंह की कविता ₹कितना सूना सूना लगता, देख के अपना आज मकान। जिसका था वह उजड़ गया, अपना सब सामान बहुत सराही गयी। पूर्व प्रधानाचार्य राज बक्स सिंह की मातृ शक्ति पर पंक्तियां पढ़ी ममता की मूरत है मां, बहुत खूबसूरत है मां।कवि नरेन्द्र आनन्द की कविता पर वाहवाही लूटी ?₹दुश्मन तो दुश्मन ही है, पर अपनों के संबंध नहीं हैं। अभी वह इम्तिहान बाकी है, अभी ढहना बाकी है। लालगंज से पधारे डॉ महादेव सिंह ने अपनी कविता कुछ यूं पढ़ी ,



मुक्ति की यह स्वयं निशानी है
इसकी गति लय न टूटने पाये
कई जन्मों की यह कहानी है।

पक्तिया सुना श्रोताओं में वाह वाही लूट ली।

दिनेश प्रियदर्शी

चांद अपनी चांदनी से इस कदर डरने लगा है,

बादलों की दावतें बेवक्त फिर करने लगा है। श्रोतागण कविताये सुन मंत्र मुग्ध हो गए। कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष शिक्षाविद,साहित्यकार गणेश नारायण शुक्ला थे जबकि

मुख्य अतिथि के तौर पर पुष्प फाउंडेशन के अध्यक्ष सी एस पुष्पेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे ।उन्होंने श्री मिश्र की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया ।सभा में मुख्य रूप से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिवाधार मिश्र के सुपुत्र श्री अशोक मिश्रा तथा पुत्रियां मौजूद रही आए हुए सभी अतिथियों का स्वल्पाहार तथा मिष्ठान देकर विदाई की गई .

कार्यक्रम को समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह अवधूत व महामंत्री हरिओम सिंह ने भी सम्बोधित किया ।

इस अवसर पर माधव सिंह , राजेश विश्वकर्मा ज्ञानेन्द्र सिंह , गौरी शंकर सिंह , सतेन्द्र सिंह बबलू ,समर सिंह,अजय बाजपेई सैकड़ो महिला पुरुष एकत्रित रहे।

## सम्पादकीय

# भारतीय कानून का सम्मान करें सोशल मीडिया कंपनियां

किसी लोकतंत्र में यह अधिकार किसके पास होना चाहिए कि कौन-सी आवाज करोड़ों लोगों तक पहुंचे और कौन-सी नहीं? जनता के पास, संविधान के पास, कानून के पास या फिर कैलिफोर्निया में बैठे किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के एल्गोरिद्म के पास? पिछले कुछ दिनों से भारत सरकार और मेटा के बीच चल रहा टकराव इसी मूल प्रश्न के इर्द-गिर्द घूम रहा है। खासकर कॉक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने पैसे लेकर जिस तरह से खास तरह के कंटेंट को असामान्य रूप से बढ़ावा दिया, जबकि दूसरी तरह के कंटेंट की पहुंच सीमित रही, उसने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। इन आरोपों के पक्ष या विपक्ष में अभी कोई सार्वजनिक तकनीकी जांच सामने नहीं आई है, लेकिन इतना जरूर हुआ कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निष्पक्षता पर बहस तेज हो गई है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फेसबुक अकाउंट से पोस्ट किया गया वीडियो कई घंटों के लिए हटा दिया गया। मेटा ने इसे तकनीकी भूल बताते हुए सार्वजनिक माफी भी मांग ली। लेकिन क्या केवल माफी इस पूरे विवाद का समाधान है? शायद नहीं। यही वजह है कि पिछले दो दिनों से मेटा की वैश्विक टीम भारत में डेरा डाले हुए है। गुरुवार को भी सरकार के साथ उसकी लंबी बैठकों का दौर जारी रहा। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कंपनी के अधिकारियों से मुलाकात की। सरकार ने सिर्फ प्रधानमंत्री का वीडियो हटने का कारण नहीं पूछा, बल्कि उससे कहीं बड़े सवाल सामने रख दिए हैं। मेटा के एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं? कंटेंट मॉडरेशन का आधार क्या है? भारतीय कानूनों का पालन कैसे सुनिश्चित होता है? डीपफेक और बाल यौन शोषण सामग्री जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने की व्यवस्था क्या है? और सबसे महत्वपूर्ण, क्या मेटा वास्तव में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत मिलने वाली सेफ हार्बर सुरक्षा का हकदार है? ये सवाल केवल मेटा से नहीं हैं। ये हर उस वैश्विक डिजिटल कंपनी से हैं जिसने भारत में करोड़ों उपयोगकर्ता तो बना लिए, लेकिन जवाबदेही के मामले में अक्सर अपनी वैश्विक नीतियों की आड़ लेती रही है। दरअसल, पिछले एक दशक में सोशल मीडिया केवल संवाद का माध्यम नहीं रहा। यह राजनीति, चुनाव, सामाजिक आंदोलनों, व्यापार और जनमत निर्माण का प्रभावशाली मंच बन चुका है। पहले यह काम अखबारों और टीवी चैनलों के संपादक करते थे। आज यह जिम्मेदारी एल्गोरिद्म निभा रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि अखबार का संपादक सामने दिखाई देता था, उसकी जवाबदेही तय होती थी। एल्गोरिद्म अदृश्य है। वह किस आधार पर निर्णय लेता है, किसे ऊपर लाता है और किसे नीचे धकेल देता है, यह किसी को पता नहीं। यही अपारदर्शिता सबसे बड़ी चिंता है। भारत सरकार का यह कहना बिल्कुल उचित है कि भारत में कारोबार करने वाली किसी भी कंपनी को भारतीय कानूनों के तहत ही काम करना होगा। सरकार की जवाबदेही भी है कि नियमन के नाम पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अनावश्यक अंकुश न लगे। इसलिए कानून का उद्देश्य विचारों को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि नियमों को निष्पक्ष और समान रूप से लागू करना होना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल लोकतंत्र है। यहां कानून संसद बनाती है, जनता सरकार चुनती है और संविधान सर्वोच्च है। इसलिए यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि किसी बहुराष्ट्रीय तकनीकी कंपनी का एल्गोरिद्म भारतीय लोकतंत्र से बड़ा हो जाए।



आर्थिकी

सतीश सिंह

# संतुलन साधती मौद्रिक नीति

> केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख 'न्यूट्रल' बनाए रखते हुए स्पष्ट संकेत दिया है कि फिलहाल न तो ब्याज दरों में जल्दबाज़ी में कटौती की आवश्यकता है और न ही उन्हें बढ़ाने का कोई औचित्य दिखाई देता है। आरबीआई ने स्वीकार किया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई अभी भी उसके लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। हालांकि राहत की बात यह है कि महंगाई का प्रमुख स्रोत मांग में अत्यधिक वृद्धि नहीं, बल्कि खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। यदि आने वाले महीनों में महंगाई अनुमानित दिशा में घटती है, खाद्य आपूर्ति सामान्य रहती है और वैश्विक जोखिम नियंत्रित होते हैं, तो आरबीआई के पास भविष्य में अधिक अनुकूल नीतिगत कदम उठाने की पर्याप्त गुंजाइश होगी।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और उसकी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 5 अगस्त की समीक्षा बैठक में व्यापक बाजार अपेक्षाओं के अनुरूप रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखा। इस नीति समीक्षा का केंद्रीय संदेश यह है कि आरबीआई ऐसे समय में अत्यंत संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहता है, जब एक ओर महंगाई पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आई है और दूसरी ओर भारतीय अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत मजबूत विकास की ओर अग्रसर है। यही कारण है कि केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख 'न्यूट्रल' बनाए रखते हुए स्पष्ट संकेत दिया है कि फिलहाल न तो ब्याज दरों में जल्दबाज़ी में कटौती की आवश्यकता है और न ही उन्हें बढ़ाने का कोई औचित्य दिखाई देता है। आरबीआई ने स्वीकार किया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई अभी भी उसके लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। हालांकि राहत की बात यह है कि महंगाई का प्रमुख स्रोत मांग में अत्यधिक वृद्धि नहीं, बल्कि खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव है।

यही कारण है कि केंद्रीय बैंक कोर महंगाई को लेकर अपेक्षाकृत आश्वस्त दिखाई देता है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आरबीआई ने खुदरा महंगाई के औसत अनुमान को 5 प्रतिशत पर रखा है। उसके तिमाही अनुमानों के अनुसार दूसरी तिमाही में महंगाई 4.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.9 प्रतिशत तथा चौथी तिमाही में 5.5 प्रतिशत रह सकती है। यह अनुमान बताता है कि आरबीआई खाद्य एवं आपूर्ति पक्ष से उत्पन्न दबावों को अस्थायी मान रहा है और उसे उम्मीद है कि समय के साथ इनमें नरमी आएगी। महंगाई को लेकर सतर्क रुख के बावजूद आरबीआई आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर पहले की तुलना में अधिक आशावाद है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तिमाही आधार पर पहली तिमाही में 7 प्रतिशत, दूसरी में 6.4 प्रतिशत, तीसरी में 6.5 प्रतिशत और चौथी में 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान यह दर्शाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की गति अभी भी संतोषजनक बनी हुई है। इस आशावाद के पीछे कई ठोस कारण हैं। विनिर्माण क्षेत्र के शुरुआती संकेत उत्साहजनक हैं, सेवा क्षेत्र लगातार विस्तार कर रहा है, निजी उपभोग मजबूत बना हुआ है तथा विवेकाधीन खर्च में भी सुधार देखा जा रहा है। सार्वजनिक निवेश और अवसंरचना परियोजनाओं का प्रभाव भी आर्थिक गतिविधियों को गति दे रहा है। ऐसे परिदृश्य में ब्याज दरों में अनावश्यक बदलाव की आवश्यकता नहीं है। रेपो दर के साथ-साथ स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) दर 5 प्रतिशत तथा मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) एवं बैंक दर 5.5 प्रतिशत पर भी अपरिवर्तित रखी गई हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि केंद्रीय बैंक मौद्रिक ढांचे में किसी बड़े परिवर्तन का इच्छुक नहीं है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण उसका 'न्यूट्रल' नीति रुख है।

इसका अर्थ यह है कि आरबीआई किसी पूर्वनिर्धारित दिशा में नहीं बढ़ रहा, बल्कि आने वाले आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने की रणनीति पर कायम है। हालांकि रेपो दर में कोई बदलाव




नहीं किया गया, फिर भी आरबीआई ने यह संकेत दिया है कि यदि आवश्यकता हुई तो बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त तरलता बनाए रखने के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कमी, ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) अथवा अन्य उपयुक्त साधनों का उपयोग किया जा सकता है। फिलहाल केंद्रीय बैंक का आकलन है कि बैंकिंग प्रणाली में धन की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी अतिरिक्त प्रोत्साहन की तत्काल आवश्यकता नहीं है। पिछले कुछ महीनों के दौरान मनी मार्केट दरों और सरकारी प्रतिभूतियों की प्रतिफल दरों में नरमी आई है। यह संकेत है कि बैंकिंग प्रणाली में तरलता पहले की तुलना में अधिक सुलभ हुई है।

साथ ही उद्योग, सेवा और खुदरा- तीनों क्षेत्रों में ऋण मांग संतोषजनक बनी हुई है। यद्यपि जमा और ऋण दरों के बीच अंतर घटने से कुछ बैंकों के नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) पर दबाव देखा गया है, फिर भी बैंकिंग प्रणाली की समग्र वित्तीय स्थिति मजबूत बनी हुई है। इसका अर्थ है कि बैंकों के पास ऋण उपलब्ध कराने की क्षमता बनी हुई है और अर्थव्यवस्था में धन प्रवाह फिलहाल संतुलित है। आरबीआई की सतर्कता का सबसे महत्वपूर्ण कारण वैश्विक आर्थिक वातावरण है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उतार-चढ़ाव, वैश्विक व्यापार नीतियों में अनिश्चितता, विकसित अर्थव्यवस्थाओं की मौद्रिक नीतियां तथा जलवायु संबंधी जोखिम- विशेषकर अल नीनो- आने वाले महीनों में महंगाई और विकास, दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि होतीहै, तो उसका सीधा असर घरेलू महंगाई, चालू खाते के घाटे और राजकोषीय संतुलन पर पड़ेगा। फिलहाल होम लोन, ऑटो लोन तथा अन्य फ्लोटिंग ब्याज दर वाले ऋणों की मासिक किस्तों (ईएमआई) में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसी प्रकार सावधि जमा पर ब्याज दरों में भी तत्काल व्यापक परिवर्तन की उम्मीद कम है। उद्योग जगत के लिए राहत की बात यह है कि ऋण उपलब्धता बनी रहेगी और बैंकिंग प्रणाली में नकदी की कोई गंभीर कमी नहीं है। निवेशकों के लिए भी यह नीति अपेक्षाकृत स्थिर ब्याज दर वातावरण का संकेत देती है, जिससे पूंजी बाजारों में अनिश्चितता सीमित रह सकती है। अगस्त 2026 की मौद्रिक नीति समीक्षा यह स्पष्ट करती है कि आरबीआई ने महंगाई नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि और वित्तीय स्थिरता-इन तीनों उद्देश्यों के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया है। एक ओर उसने विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती पर भरोसा जताया है, वहीं दूसरी ओर संभावित महंगाई जोखिमों को देखते हुए ब्याज दरों में कटौती से परहेज किया है। साथ ही पर्याप्त तरलता बनाए रखने का आश्वासन देकर उसने बैंकिंग प्रणाली को विश्वास भी दिया है, किंतु अतिरिक्त नकदी प्रवाह से बचकर मौद्रिक अनुशासन को भी कायम रखा है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में यह नीति न तो अत्यधिक उदार कही जा सकती है और न ही अनावश्यक रूप से कठोर। यह ऐसी संतुलित रणनीति है, जिसमें अल्पकालिक लोकप्रियता के बजाय दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दी गई है। यदि आने वाले महीनों में महंगाई अनुमानित दिशा में घटती है, खाद्य आपूर्ति सामान्य रहती है और वैश्विक जोखिम नियंत्रित होते हैं, तो आरबीआई के पास भविष्य में अधिक अनुकूल नीतिगत कदम उठाने की पर्याप्त गुंजाइश होगी।

प्रतिभा

शीतल देवी



# खेलो इंडिया योजना से नई प्रतिभाओं को मिलेगा मौका

आज मुझे एक पैरालंपिक पदक विजेता के रूप में जो पहचान और सम्मान मिला है, उसके पीछे कई वर्षों की मेहनत और सही दिशा में आया सहयोग है। मैं कभी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ की एक साधारण बच्ची थी। अच्छी कोचिंग और हर तरह का सहयोग मिलने से ही मैं आज इस मुकाम तक पहुंच सकी। मेरी कहानी प्रेरणादायक है, लेकिन देश के कई दूर-दराज़ गांवों में आज भी मेरे जैसे कई प्रतिभाशाली दिव्यांग बच्चे हैं, जिन्हें यह तक नहीं पता कि पैरा खेल भी होते हैं। उनके पास प्रतिभा है, लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिलते। मुझे यह अवसर मिला, इसलिए मैं आगे बढ़ सकी। देश के गांवों और छोटे शहरों में हजारों दिव्यांग बच्चे हैं, जिनमें खेलों की शानदार प्रतिभा है, लेकिन उनमें से कई कभी सामने नहीं आ पाते। कुछ को यह नहीं पता कि प्रशिक्षण कहां मिलेगा और कुछ को ऐसा कोच नहीं मिलता जो पैरा खेलों की समझ रखता हो। इसलिए मुझे लगता है कि सरकार की नई संशोधित खेलो इंडिया योजना खासकर पैरा खेलों के लिए बड़ा बदलाव ला सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच पर आधारित इस पांच साल की योजना पर 29,054 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इसमें प्रतिभाओं की पहचान, कोच और सहयोगी स्टाफ तैयार करना, खेल सुविधाएं बढ़ाना और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देना शामिल है। लेकिन इस योजना की सफलता तभी होगी, जब राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश भी पूरी लगन से इसे लागू करेंगे। मुझे अपने कोचों, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), सरकार और कई अन्य लोगों का पूरा सहयोग मिला। मेरी तैयारी में कभी किसी जरूरी चीज़ की कमी नहीं रही। इसी वजह से मुझे बड़े सपने देखने और दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों से मुकाबला करने का आत्मविश्वास मिला। लेकिन ऐसा सिर्फ मेरे साथ नहीं होना चाहिए। देश के हर प्रतिभाशाली बच्चे को यही मौका मिलना चाहिए। मुझे खुशी है कि नई खेलो इंडिया योजना में पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण केंद्रों और मान्यता प्राप्त अकादमियों को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया है। हर बच्चा प्रशिक्षण लेने के लिए सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा नहीं कर सकता।

आज भी कई प्रतिभाशाली बच्चे सिर्फ इसलिए गांवों में रह जाते हैं क्योंकि उनके आसपास अच्छी खेल सुविधाएं नहीं हैं। अगर उनके घर के पास ही अच्छी अकादमी, प्रशिक्षित कोच और बेहतर खेल सुविधाएं होंगी, तो परिवार भी उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस योजना की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें कम उम्र में ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने पर जोर दिया गया है। पैरा खेलो इंडिया एथलीट और इमर्जिंग खेलो इंडिया एथलीट जैसी नई व्यवस्था से बच्चों को शुरुआत से ही सही मार्गदर्शन और सहयोग मिलेगा। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए शुरुआती पहचान बहुत जरूरी है। कई बच्चे देर से खेल शुरू करते हैं क्योंकि उन्हें जानकारी, कोचिंग या अवसर नहीं मिलते। अगर उन्हें समय रहते पहचानकर लगातार सहयोग दिया जाए, तो वे भी बड़े खिलाड़ी बन सकते हैं। नई योजना में पैरा खेलों के लिए विशेष अकादमियां और प्रशिक्षण केंद्र बनाने पर भी जोर दिया गया है। किसी बच्चे को सिर्फ इसलिए अपना घर नहीं छोड़ना चाहिए कि उसे पैरा खेलों को समझने वाला कोच मिल सके। मुझे भी अच्छा सहयोग मिला, इसलिए मैं पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकी। सिर्फ अभ्यास से सब कुछ नहीं सीखा जा सकता। प्रतियोगिताओं में खेलने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और प्रदर्शन बेहतर होता है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स के विस्तार से अब ज्यादा खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में खेलने का मौका मिलेगा। मैंने भी इन खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है।

यहां देश की बेहतरीन प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का मंच मिलता है। इस योजना की असली सफलता सिर्फ पदकों की संख्या से नहीं मापी जाएगी।

## गुरु बिना न भक्ति सार्थक और न मुक्ति संभव



संकलित

दर्शन

*कागा सब तन खाइयो, चुनि चुनि खाइयो मांस। दुइ अखियां मत खाइयो, मोहे पिया मिलन की आस।।*

इश्क हकीकी हो या इश्क मिजाजी, यह इश्क का चरम है। इश्क के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दें, तो भी थोड़ा है, कम है। इतिहास गवाह है कि इश्क करने वालों ने मरना कुबूल किया, पर इश्क से मुंह मोड़ना मंजूर नहीं किया। सांसारिक प्रेम के दीवाने हों या फिर रब्बी इश्क के मतवाले। खुदा की खोज स्वयं की खोज है। इसलिए स्वयं को स्वयं तक पहुंचने के लिए जरूरत होती है पूर्ण सद्गुरु और सच्चे रहबर तक पहुंचने की। सद्गुरु बेखबर इनसान को खबर देते हैं कि ये रहा निरंकार। तुम इसे चाहे कुछ भी नाम दे दो, है ये एक ही। खुदा भी यही, प्रभु भी यही, ऑलमाइटी गॉड भी यही तो वाहेगुरु भी यही। यही महबूब है हर रूह का, जिसे पाने के लिए आत्मा ने जाने कितने जन्म लिए हैं। इसे पाने के बाद ही भक्ति शुरू होती है और इसको जान लेने से ही मुक्ति मिलती है। इसके बिना न भक्ति सार्थक है और न मुक्ति संभव है। सद्गुरु मिलते ही सारे भ्रम-भुलेखे समाप्त हो उठते हैं। प्रेम और इश्क करने वालों के हिस्से तो सजा ही आया करती है। सजा से डरकर वे अपना समर्पण छोड़ नहीं दिया करते। यहां कवि ने ऐसे ही समर्पण को अपनी दो पंक्तियों में इस तरह व्यक्त किया है कि हां, मैंने मोहब्बत की है। यह मेरा गुनाह है तो खुलकर सजा दे दो। मेरे तन की बोटी-बोटी नोच लो, पर ख्याल रहे कि ये आंखें सलामत रहें, इन आंखों को मत छूना क्योंकि ये आंखें पिया की बाट जोह रही हैं।

## प्रभावी संवाद के लिए संवेदनशीलता जरूरी



संकलित

प्रेरणा

प्रभावी संवाद के लिए संवेदनशीलता तथा समझदारी, दोनों गुणों में निपुणता आवश्यक है। कुछ लोग अति संवेदनशील होते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप वे अपनी बुद्धिमता खो देते हैं। उनकी वाणी में अस्पष्टता होती है और उसमें अस्फुटता झलकती है। इसमें आपकी मनःस्थिति का भी योगदान है। आप केवल क्रोध कर के किसी को सुधार नहीं सकते। इससे केवल आपके मन की शांति ही भंग होगी। जब आप लोगों से मिलते हो तो प्रायः आप उनसे बुद्धि के स्तर पर ही संवाद करते हो। यही, जब आप प्रकृति के साथ होते हो तो आप स्वतः ही गाना आरंभ कर देते हो तथा प्रकृति के साथ अपने दिल से संवाद स्थापित कर लेते हो। जब आप लोगों के साथ होते हो तो बुद्धि के स्तर पर ही बातचीत अथवा गपशप ही करते रहते हो। किंतु आप यदि प्रकृति के संग हो तो आप गुनगुनाने लगते हो और आपका संवाद दिल से निकलता है। और जब आप गुरु के सान्निध्य में होते हो तो आप खाली हो जाते हो, सभी प्रश्न भूल जाते हो! तब उस मौन में आत्मा के स्तर पर संवाद होता है। संसार में जन्म लेते ही, जैसे ही हम अपनी प्रथम श्वास लेते हैं, हम संवाद करना आरंभ कर देते हैं। हमारा पहला क्रंदन अपनी मां और इस दुनिया से हमारे प्रथम संवाद का द्योतक है कि मैं आ गया हूं। और अपनी अंतिम सांस तक हम निरंतर संवाद करते रहते हैं। तथापि, अच्छे स्तर का संवाद केवल शब्दों से कहीं ऊपर होता है। यह एक कला है और प्रभावी संवाद के लिए, केवल बोले गए शब्द की जगह बहुत से अन्य आयाम होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से। - *रमेश मलिक, हिसार*

## ट्रेंड

### 'गोबरधन' योजना



केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 23,731 करोड़ की लागत वाली 'गोबरधन' योजना को मंजूरी देना 'आत्मनिर्भर भारत', स्वच्छ ऊर्जा और ग्रामीण समृद्धि की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह फैसला देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। - **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

### बीजेपी-स्टाइल



यह बीजेपी-स्टाइल की तरक्की की नई हवा है... जिस सड़क का उद्घाटन कुछ दिन पहले ही हुआ था, उसकी मरम्मत अभी से करनी पड़ रही है और मरम्मत को सुखाने के लिए तेज रफ्तार वाले पंखे इस्तेमाल किए जा रहे हैं- यह भी हंसी की बात है। -**अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

### हम छात्रों के साथ



कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है। चाहे झारखंड हो, पंजाब हो, दिल्ली हो या कोई और जगह, हम अपने छात्रों के साथ मजबूती से खड़े हैं। चाहे हमारे गठबंधन के साथी हों या विपक्ष, हम छात्रों और युवाओं के साथ खड़े हैं। हम उनकी समस्याओं को हल करने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। - **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

### निष्पक्ष जांच हो



पिछले छह सालों में जेएसएससी द्वारा आयोजित सभी भर्ती परीक्षाएं, जिनमें सीजीएल, उत्कर्ष सिपाही और असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल हैं, उन्हें तुरंत रद्द किया कर उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। -**बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

# रानी-प्रिया कपूर विवाद, आपसी सहमति से समझौते की उम्मीद

उच्चतम न्यायालय ने दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां रानी कपूर और पत्नी प्रिया कपूर के बीच पारिवारिक न्यास को लेकर जारी विवाद में बृहस्पतिवार को कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया 'काफी संतोषजनक' ढंग से बढ़ रही है और उसे 'उम्मीद' है कि यह विवाद आपसी सहमति से सुलझा लिया जाएगा। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने मध्यस्थ की ओर से दाखिल शुरुआती मध्यस्थता रिपोर्ट पर गौर किया। पीठ ने कहा, हमने देखा है कि अबतक मध्यस्थता की प्रक्रिया छह सत्रों में हुई है। मध्यस्थ ने परिवार के सभी सदस्यों से बातचीत की है। हमें यह जानकर खुशी है कि मध्यस्थता काफी संतोषजनक ढंग से आगे बढ़ रही है।



## ऑफ बीट

# मिंजर मेला : संस्कृति और धार्मिक आस्था की अनूठी झलक

श्रावण की पहली फुहारों और रावी नदी के अनहद नाद के बीच दूसरे रविवार को चंबा के ऐतिहासिक मैदान में अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव का शुभारंभ होता है।



शोभायात्रा में स्थानीय संस्कृति और धार्मिक आस्था की अनूठी झलक देखने को मिलती है। माना जाता है कि किसी महत्वपूर्ण विजय और समृद्ध फसल की खुशी में लोगों ने राजा का स्वागत धान और मक्की की बालियों के प्रतीक 'मिंजर' से किया। 'मिंजर' रेशमी धागों से तैयार की जाने वाली एक विशेष लटकन होती है, जो धान और मक्की की नई बालियों का प्रतीक मानी जाती है। इसे अच्छी फसल, खुशहाली और समृद्धि का संदेश देने वाला शुभ प्रतीक माना जाता है।

## संक्षेप

### मोहम्मद अल्ताफ बने खुशी फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

जरवल, बहराइच। खुशी फाउंडेशन ने संगठन विस्तार करते हुए विकासखंड जरवल क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरचंदा, मौलवी पुरवा निवासी मोहम्मद अल्ताफ पुत्र मोहम्मद नसीब को बहराइच जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संस्था की संस्थापिका एवं प्रबंधक शाजिया खान तथा प्रदेश अध्यक्ष मुकीद मलिक द्वारा की गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहम्मद अल्ताफ को संगठन की जिम्मेदारी सौंपते हुए उनसे समाज सेवा के कार्यों को गति देने तथा संगठन को जिले में और अधिक मजबूत बनाने की उम्मीद जताई गई।मोहम्मद अल्ताफ ने जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा और उनके हित में कार्य करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करेंगे।उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के लोगों एवं संस्था से जुड़े पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### बारिश से कच्चा मकान ढहा

**गृहस्थी का सारा सामान मलबे में दबकर खराब, कोई जनहानि नहीं**

अमेठी, जिले के विकासखंड अमेठी की ग्राम सभा मोचवा के गांव सराय हीरमती में लगातार बारिश के कारण एक कच्चा मकान ढह गया। इस घटना में सोना देवी का मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और घर का सारा सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। सौभाग्य से, घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। मकान गिरने से परिवार का राशन, कपड़े, बिस्तर, बर्तन और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, लगातार हो रही बारिश से कच्चे मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं, जिसके चलते शुक्रवार को यह हादसा हुआ। मकान ढहने के बाद पीड़ित परिवार के सामने रहने और दैनिक जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है।घटना की सूचना स्थानीय राजस्व एवं विकास विभाग को दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री, आर्थिक सहायता और आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित आश्रय मिल सके।

### ग्रामीण रोजगार में अब 125 दिन काम, 300 रुपए मजदूरी

**'विकसित भारत-गारंटी' योजना पर पंच सम्मेलन**

अमेठी , ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' योजना पर पंच सम्मेलन आयोजित किया गया।इस सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों को योजना की नई व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया। अब ग्रामीण परिवारों को 100 के बजाय 125 दिन रोजगार मिलेगा।

# प्रकृति प्रेमी मिथिलेश ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## राजकीय हाई स्कूल में आयोजित हुई प्रबंधन समिति की बैठक

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। राजकीय हाई स्कूल में प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के समापन पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।तहसील मिहींपुरवा व ब्लाक बलहा में स्थित राजकीय हाईस्कूल राजापुर कला में विद्यालय के भौतिक संसाधनों एवं शैक्षिक गुणवत्ता में अभिवृद्धि के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावक अध्यापक एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। जिसमें दोनों समितियों के सदस्य, पूरा छात्र, समाज के गणमान्य व्यक्तियों और पत्रकारिता से जुड़े हुए लोगों ने प्रतिभाग किया।सर्वप्रथम प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर



कुमार पोद्दार और उप प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश ने बैठक और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सम्मानित अभिभावकों एवं समिति के सदस्यों से भी उक्त परिपेक्ष्य पर अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया। विद्यालय में शैक्षिक वातावरण का सृजन, अध्ययन-अध्यापन, शैक्षिक गुणवत्ता और पाठ्यक्रम सहगामी क्रिया कलापों पर भी अभिभावकों ने अपनी अपनी राय दी। इसी क्रम में स्थानीय पत्रकार पर्यावरण प्रेमी मिथिलेश जयसवाल ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर सभी छात्रों में पर्यावरण की अलख जगाऐ रखने का आह्वान किया।विगत वर्षों में उनके द्वारा विद्यालय कैम्पस में रोपित पौधे आज वृक्ष का रूप ले चुके हैं। पर्यावरण,शिक्षा, गौरैया संरक्षण और सामाजिक कार्यों में रूचि रखने वाले मिथिलेश जायसवाल और अभिभावक अध्यापक एसोसिएशन के अध्यक्ष अंबर लाल जायसवाल को प्रधानाचार्य श्री पोद्दार द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक वीरेन्द्र कुमार वर्मा, ओमपाल गंगवार, पुष्पेंद्र कुमार तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मोड्ड अकरम सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# संत रविदास ने दिया था समता मूलक समाज निर्माण का संदेश: सरोज सोनकर

## संत रविदास जयंती पखवारा पर निकाली गई कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। संत रविदास ने छुआछूत ऊंच नीच भेदभाव को दूर कर समता मूलक समाज निर्माण का संदेश दिया था यह उक्त बातें रविवार को संत शिरोमणि रविदास जी जयंती पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कलश यात्रा में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सरोज सोनकर ने कहीं। कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत कतरनिया पुरवा के देवी मंदिर, अड़गोड़वा के दशहरा मेला मैदान, उर्रा के अंबेडकर पार्क, अमृतपुर पुरैना के देवी मंदिर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर रहीं उन्होंने संत रविदास जी के बताए हुए



रास्ते पर चलने का आह्वान करते हैं लोगों को उनके विचारों से अवगत कराया। इस मौके पर भाजपा नेत्री श्रीमती रंजना विश्वकर्मा,नामित सभासद गुड्डू लोधी, रामा दल मौर्य, नरेश पासवान, गुरमीत सिंह, रामवती ड्डगौतम ,सुनीता चौहान, मोतीलाल निषाद, संतोष सिंह, शैलेंद्र साहनी, प्रधान वीरेंद्र गुप्ता, प्रमोद आर्य सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को रुपईडीहा पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। थाना रुपईडीहा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म एवं छेड़खानी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशू गौतम के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में की गई। पुलिस के मुताबिक, 27 जुलाई 2026 को बसन्तपुर निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी करीब 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी ने रास्ते में पीछे से पकड़कर जबरन छेड़खानी की तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर




थाना रुपईडीहा में मुकदमा अपराध के तहत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 9 अगस्त 2026 को करीब 11:40 बजे हरवंशपुर गांव के पास से वांछित आरोपी संतोष यादव पुत्र हरिराम, निवासी बसन्तपुर, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मुकदमा धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# प्रत्येक रविवार की जनसुनवाई के क्रम में आयोजित हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के क्रम में रविवार को भी मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें ट्रस्ट के पदाधिकारियों के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान सबसे अधिक शिकायतें खाद्य एवं रसद विभाग तथा आंगनबाड़ी विभाग से संबंधित रहीं। इसके अलावा ग्रामीणों ने क्षेत्र में आधार कार्ड कैंप आयोजित कराने की मांग भी रखी। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों में आवश्यक सहयोग



एवं समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए यथासंभव प्रयास करना ट्रस्ट की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से आमजन को अपनी समस्याएं सीधे रखने का अवसर मिल रहा है और ट्रस्ट द्वारा संबंधित विभागों के समक्ष आवश्यक सहयोग प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रवासियों ने नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित किए जाने की सराहना करते हुए इसे आमजन के लिए उपयोगी एवं सराहनीय पहल बताया।

# पुलिस ने खोई बालिका को परिजन के सुपुर्द किया

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। 3 वर्षीय बालिका रोती बिलखती हुई उस समय पुलिस को मिली जब साप्ताहिक बाजार बाबागंज मे सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने हेतु गश्त कर रही थी।बच्ची ना तो अपना और ना ही माता-पिता का नाम बता पा रही थी और ना ही गांव का नाम। आरक्षी सुनील यादव ने बच्ची को अपनी गोद मे उठाया तो बच्ची चुप हों गई। बाबागंज चौकी प्रभारी शिवेश शुक्ला ने पहले तो बालिका को लेकर स्थानीय दुकानदानो से पूछताछ किया लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली।बाद मे पुलिस ने सोशल मीडिया और स्थानीय ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हाजी अनवर का सहारा लिया।पुलिस द्वारा घंटो कड़ी मशक्कत के बाद बालिका के परिजनो की खोजबीन की गई और परिजनों को सुपुर्द करतें हुए चौकी प्रभारी शिवेश शुक्ला ने माता-पिता को बच्चें का ख्याल रखने की हिदायत भी दी। मिली जानकारी के मुताबिक ननका पत्नी



सुखराज निवासी प्रेम नगर घर गृहस्ती का सामान खरीदने रविवार को कस्बा बाबागंज के साप्ताहिक बाजार आई हुआ थी इसी दौरान 3 वर्षीय पुत्री भीड़भाड़ मे गुम हों गई थी।

# विद्युत उपकेंद्र की छत टपकी, कंट्रोल-रूम में पानी फैला

## कर्मचारी जान जोखिम में डालकर कर रहे काम, मरम्मत की मांग

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच दोपहर करीब 1 बजे वारिसगंज बिजली सब स्टेशन के कंट्रोल रूम पानी से भर गया। छत से पानी टपकने के कारण बिजली उपकरणों के पास नमी बढ़ गई है, जिससे शॉर्ट सर्किट और करंट फैलने का खतरा पैदा हो गया है। इसके बावजूद संविदाकर्मी जोखिम उठाकर ड्यूटी करने को मजबूर हैं। बारिश के चलते उपकेंद्र के कंट्रोल रूम की छत से लगातार पानी टपक रहा है। फर्श पर कई स्थानों पर पानी जमा हो गया है। स्विच, कंट्रोल पैनल और अन्य विद्युत उपकरणों के आसपास नमी बढ़ने से किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।

### कर्मियों का आरोप- हर बरसात में यही हाल



संविदा विद्युत कर्मियों का कहना नाबालिग के जबरन गर्भपात मामले में चार गिरफ्तार पीआरवी की सूचना पर दर्ज हुआ मुकदमापुलिस के अनुसार, 5 अगस्त 2026 को पीआरवी के माध्यम से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म् ुआ है। आरोप है कि घटना के बाद परिवार के कुछ सदस्यों ने अस्पताल संचालक और डॉक्टर की मदद से उसका जबरन गर्भपात कराया। मामले में 6 अगस्त को संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। अस्पताल संचालक और डॉक्टर समेत चार आरोपी गिरफ्तारजांच के दौरान चार लोगों की भूमिका सामने आने पर गौण्डा पुलिस ने संतोषी, सचिन, अस्पताल संचालक ईशान और डॉक्टर भावना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।

# नाबालिग के जबरन गर्भपात मामले में चार गिरफ्तार

## अलीगढ़ में 5 अगस्त को दुष्कर्म हुआ था, आरोपियों से पूछताछ

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़ ,गौण्डा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और कथित तौर पर जबरन गर्भपात कराने के मामले में पुलिस ने अस्पताल संचालक और डॉक्टर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच तेज कर दी है।

### पीआरवी की सूचना पर दर्ज हुआ मुकदमा

पुलिस के अनुसार, 5 अगस्त 2026 को पीआरवी के माध्यम से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म् ुआ है। आरोप है कि घटना के बाद परिवार के कुछ सदस्यों ने अस्पताल




संचालक और डॉक्टर की मदद से उसका जबरन गर्भपात कराया। मामले में 6 अगस्त को संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### अस्पताल संचालक और डॉक्टर समेत चार आरोपी गिरफ्तार

जांच के दौरान चार लोगों की भूमिका सामने आने पर गौण्डा पुलिस ने संतोषी, सचिन, अस्पताल संचालक ईशान और डॉक्टर भावना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।

### साक्ष्यों के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम ने की कार्रवाईइस कार्रवाई में क्षेत्राधिकारी इगलास कमलेश कुमार, थाना प्रभारी गौण्डा मोनू कुमार आर्य, वरिष्ठ उपनिरीक्षक आबिद कुरैशी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने कहा कि नाबालिगों से जुड़े अपराधों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जमीनी विवाद में युवक की हत्या का आरोप

## पीड़ित परिवार एसपी कार्यालय पहुंचा, गिरफ्तारी की मांग

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर ,जमीनी विवाद को लेकर एक युवक की कथित तौर पर हत्या कर दी गई है।युवक के पिता ने 1 बजे पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और न्याय की गुहार लगाई है। यह घटना कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के लोलेपुर में 2 अगस्त की रात हुई थी। पीड़ित पिता सहबान ने बताया कि उनका पुत्र मोहम्मद शाकिब अपने ननिहाल गोलेपुर में रहता था। 2 अगस्त की रात अज्ञात लोगों ने उसकी हत्या कर दी थी। इस संबंध में कोतवाली नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया थासहबान के अनुसार, उन्हें जानकारी मिली है कि उनके बेटे की हत्या रिजवानुल हक उर्फ कुन्नू पुत्र समसुल हक उर्फ मुज्जन ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर की है। पुलिस ने रिजवानुल हक के एक सहयोगी को हिरासत में लेकर



पूछताछ शुरू कर दी है।युवक के परिजनों ने एसपी से न्याय की मांग की है।यह मामला जमीन के एक इकरारनामे से जुड़े विवाद का है। मोहम्मद इलियास ने मीडिया को बताया कि उन्होंने अपनी एक जमीन बेची थी और एक अन्य जमीन का इकरारनामा कराया था। इकरारनामे की समय सीमा पूरी होने के बाद भी विपक्षी पक्ष द्वारा लगातार टालमटोल की जा रही थी।पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्होंने विपक्षियों से या तो जमीन की रजिस्ट्री कराने या फिर लिया गया पैसा वापस करने को कहा था। आरोप है कि पैसे मांगने और रजिस्ट्री का दबाव बनाने पर विपक्षी पक्ष भड़क गया और पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी।परिजनों का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने मोहम्मद शाकिब को निशाना बनाया और उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद न्याय न मिलने से असंतुष्ट पीड़ित पक्ष दर्जनों ग्रामीणों और महिलाओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचा।

# महुली हादसे के पीड़ित परिवार मिलीं राज्य महिला आयोग सदस्य

## जर्जर खंभे बदलने और आवासीय योजना का लाभ देने के निर्देश दिए

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , कोतवाली नगर क्षेत्र के महुली गांव में जर्जर मकान गिरने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत के बाद उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा दोपहर करीब 3 बजे गांव पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्य अमन श्रीवास्तव और अन्य परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। दौरे के दौरान ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं से महिला आयोग की सदस्य को अवगत कराया। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रतिभा कुशवाहा ने नायब तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए।जर्जर बिजली के खंभे बदलने और तालाब दुरुस्त कराने के निर्देश प्रतिभा कुशवाहा ने विद्युत विभाग से समन्वय कर गांव में जर्जर बिजली के खंभों को जल्द बदलवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा महुली गांव में खोदे गए तालाबों को निर्धारित मानकों के अनुरूप दुरुस्त कराने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।जर्जर मकानों का होगा सर्वे, पात्र परिवारों को मिलेगा आवास योजना का लाभमहिला आयोग की सदस्य ने गांव के जर्जर और रहने योग्य न रह गए मकानों का सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे के बाद पात्र परिवारों को शासन की आवासीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

# 12 लाख की लूट का खुलासा

## 4 आरोपी गिरफ्तार, सोने-चांदी के जेवरात बरामद, महिला को बंधक बनाकर लूटा था

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , पुलिस ने आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में 2 अगस्त को हुई 12 लाख रुपये के जेवरात की लूट का आज बजे करीब खुलासा कर दिया है। दोपहर पुलिस ने इस मामले में चार लुटेरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से दो को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया, जबकि दो अन्य को भी पुलिस ने दबोच लिया। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, लुटेरों के कब्जे से करीब 12 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं।इनमें सोने का एक कंगन, चार अंगूठियां, दो जोड़ी कान के टॉप्स, दो जोड़ी कान के झुमके, एक मांग टीका, दो जोड़ी कान की बालियां, तीन चेन, एक लॉकेट और बड़ी मात्रा में चांदी के आभूषण



शामिल हैं। यह घटना 2 अगस्त की रात को हुई थी, जब चार लुटेरे एक घर में घुस गए थे। उस समय घर में एक महिला अकेली थी। आरोपियों ने महिला को बंधक बनाकर अलमारी का लॉकर तोड़ दिया और उसमें रखे सभी जेवरात लूटकर फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कीं। गहन छानबीन के दौरान पुलिस को आरोपियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

## संक्षेप

### हत्या मामले में दो दोषियों को उम्रकैद

**ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 11-11 हजार रुपये का अर्थदंड**

बागपत , पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के कारण 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत हत्या के एक मामले में अदालत ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों दोषियों पर 11-11 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। इसी मामले में एक अन्य दोषी को एक वर्ष के कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। बागपत पुलिस के अनुसार, यह घटना वर्ष 2020 में सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के खिंदौड़ा गांव में हुई थी। वादी की तहरीर पर थाना सिंघावली अहीर में मुकदमा अपराध संख्या 116/2020 दर्ज किया गया था, जिसमें हत्या सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराएं लगाई गई थीं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मनवीर पुत्र नैनसिंह, परविन्दर और टीटू उर्फ दलवीर के खिलाफ जांच पूरी कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले को 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के अंतर्गत चिह्नित किया गया था, जिसके बाद बागपत पुलिस और अभियोजन विभाग ने अदालत में प्रभावी पैरवी की। इसी पैरवी के परिणामस्वरूप, 7 अगस्त 2026 को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, बागपत ने आरोपी मनवीर और परविन्दर को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी पाया। न्यायालय ने दोनों को आजीवन कारावास और प्रत्येक पर 11 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। वहीं, आरोपी टीटू उर्फ दलवीर को धारा 323 के तहत दोषी मानते हुए एक वर्ष का कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। बागपत पुलिस ने बताया कि अपराधियों को सजा दिलाना उनकी प्राथमिकता है। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत गंभीर अपराधों में प्रभावी पैरवी का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### पुलिस मुठभेड़ पर सवाल

**परिजनों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग**

बागपत ,सिंघावली अहीर पुलिस द्वारा की गई एक मुठभेड़ पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने यह मुठभेड़ फर्जी तरीके से दिखाई है, जबकि उन्होंने खुद आरोपी विवेक को पुलिस को सौंपा था। परिवार के अनुसार, उन्होंने विवेक को डोला चौकी पर तैनात दरोगा रजत कुमार को सौंपा था। इसके कुछ ही घंटों बाद, पुलिस ने विवेक के साथ मुठभेड़ दिखाकर उसे गिरफ्तार करने का दावा किया। परिवार का कहना है कि पुलिस ने अपनी वाहवाही लूटने के लिए यह गलत तरीका अपनाया। सिंघावली अहीर थाना पुलिस ने गुरुवार दोपहर को लूट के एक मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त विवेक निवासी सलावतपुर खेड़ी के साथ मुठभेड़ कर उसे गिरफ्तार करने की बात कही थी। इस मुठभेड़ पर सवाल उठाते हुए विवेक का परिवार और जनप्रतिनिधि बागपत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से शिकायत करते हुए बताया कि विवेक का नाम लूट के मामले में शामिल था और पुलिस उसकी गिरफ्तारी की बात कह रही थी। उचित कार्रवाई का आश्वासन जिला पंचायत सदस्य संजय डॉलर और ग्राम प्रधान अमरदीप ने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और न्याय की मांग की।

## आरसीसी के ऊपर फैलाया अतिक्रमण मोहल्ले वासियों का फूटा गुस्सा

**लिखित प्रार्थना पत्र देने के बाद भी गहरी नींद में सोया नगर पंचायत**

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर ,जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र कस्बे के मियां टोला मोहल्ले में मोहल्ले के निवासी स्वर्गीय मेवा लाल के परिजनों ने मुख्य मार्ग आरसीसी के ऊपर अतिक्रमण फैलाते हुए सीढ़ी तथा रेप बनाया यह देखते हुए मोहल्ले की निवासी सबनूर समसिदा फहमीदा महरीन आतिया तरन्नुम आदि मोहल्ले वासियों ने अराजकता फैलाने वाले के कार्य का विरोध किया जहां अपनी दबंगई दिखाते हुए जबरन आरसीसी के ऊपर उपयुक्त व्यक्ति ने निर्माण कार्य संपन्न कर लिया वही मोहल्ले वासियों ने नगर पंचायत जहानाबाद को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए मुख्य मार्ग में हुए अवरोध को हटाने की अपील की परंतु एक सप्ताह का समय बीत रहा है नगर पंचायत ने दबंग लोगों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा जिस पर मोहल्ले वासियों ने मीडिया से बयान देते हुए बताया कि सभी नागरिक अपने-अपने मकान के आगे अवरोध उत्पन्न कर लेंगे जिसका जिम्मेदार जहानाबाद नगर पंचायत होगा यदि 3 दिन के अंदर फैलाया गया अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो मोहल्ले के नागरिक अपनी कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे वहीं इस विषय में तो जहानाबाद नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया किसी कारण बस संपर्क नहीं हो पाया वही नगर पंचायत के एक लिपिक ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला संज्ञान में है जल्द ही उपयुक्त व्यक्ति द्वारा फैलाए गए अतिक्रमण को हटवाया जाएगा देखना यह है कि मोहल्ले में फैले विरोध को समाप्त करने के लिए नगर पंचायत अपना यह कदम कब तक उठाता है

## दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवरात किए पार

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बड़ागांव मझरिहा में एक मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों की चपत लगाई पीड़िता शिक्षामित्र पुष्पा देवी पत्नी प्रेम नारायण त्रिवेदी ने नजदीकी पुलिस प्रशासन को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि वह शिक्षामित्र के पद पर विद्यालय में तैनात है शिक्षामित्र अपने विद्यालय गई थी वहीं अज्ञात चोरों ने मकान के अंदर घुसकर घटना को दिन में ही अंजाम दे दिया अंदर घुसे चोरों ने कमरे में रखी अलमारी तथा बक्से से 90000 रुपए नगद समेत सोने चांदी के आभूषण गायब किया हैरतअंगेज बात यह है कि शिक्षिका विगत दिवस 8 अगस्त को सुबह प्रातः काल अपने विद्यालय गई वहीं दोपहर लगभग दो बजे विद्यालय से किसी आवश्यक कार्य हेतु बहुआ कस्बे गई तथा वहां से शाम 5 बजे वापस आकर देखा तो घटना हो चुकी थी आखिर पूरी घटना को अंजाम खुले आम दिन में ही दिया गया जानकारी लेने पर पीड़िता ने बताया कि नगदी समेत सोने के आभूषण जैसे चार अंगूठियां मंगलसूत्र झुमके कान के टॉप्स सोने की दो चैन दो सोने के माला एक हार वहीं चांदी के आभूषण चूड़ियां पायल इत्यादि अलमारी बक्से से गायब हैं शिक्षिका ने लिखित तहरीर देते हुए कुछ लोगों पर शंका जाहिर की जहां थाना प्रभारी विनोद पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ की

## अलग-अलग स्थानों में सर्पदंश का शिकार हुए लोग हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के हथगांव क्षेत्र अंतर्गत 2 ग्राम पंचायतों में एक युवती तथा एक बच्ची को जहरीले सर्प ने अपना शिकार बनाया मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कासिमपुर निवासी 12 वर्षीय बेटी मरियम पुत्री सोनू को एक विषैले सांप ने डस लिया जहां परिजनों ने बच्ची को लेकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया चिकित्सकों ने उपचार करते हुए हालत गंभीर देख बेटी को जिला अस्पताल रिफर कर दिया वहीं थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कसेरुआ मजरे रतनपुर गांव निवासी युवती 20 वर्षीय प्रतिमा पुत्री सुमेर सिंह को एक जहरीले सर्प ने अपना शिकार बनाया जहां परिजनों ने पीड़ित युवती को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथगांव लेकर गए जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उपचार करते हुए, हालत गंभीर देख जिला अस्पताल फतेहपुर रिफर किया

## लापता दोनों किशोरों को पुलिस प्रशासन ने शकुशल किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर/ जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत के रारी गांव निवासी छात्र 15 वर्षीय शैलेश यादव पुत्र राम निहोरे तथा 13 वर्षीय रोशन पुत्र बलराम तिवारी विगत 7 अगस्त को स्कूल पढ़ने गए तथा वापस घर नहीं पहुंचे दोनों छात्रों के परिजनों ने काफी खोजबीन की परंतु दोनों किशोरों को कोई पता नहीं चला आहत होकर दोनों परिवारों के परिजनों ने नजदीकी थाना किशनपुर में गुमशुदगी दर्ज कराई प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए थाना प्रभारी मनीष सिंह ने सतर्कता दिखाते हुए छात्रों की खोजबीन प्रारंभ की वही 24 घंटे पश्चात थाना प्रभारी ने दोनों किशोरों को सकुशल बरामद किया जानकारी लेने पर थाना प्रभारी मनीष सिंह ने बताया कि दोनों छात्र मेला देखने गए थे जहां देर हो जाने पर डर के कारण घर नहीं पहुंचे दोनों छात्रों को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने 11 घंटे में पकड़ा, पॉक्सो एक्ट में कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को घटना दर्ज होने के महज 11 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें आरोप लगाया गया कि ग्राम अगवानपुर निवासी समर पुत्र शाहनजर ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर परीक्षितगढ़ थाने में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। आरोपी की तलाश में कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आसिफाबाद रोड से आरोपी समर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से आरोपी को मुकदमा दर्ज होने के मात्र 11 घंटे के भीतर पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और



आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और ऐसे मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## 'पार्टी भटक गई, लोकतंत्र खतरे में है'

**आरएलडी के यूपी चीफ रामाशीष राय ने दिया इस्तीफा, जयंत चौधरी पर लगाए परिवारवाद के आरोप**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व एमएलसी डॉ. रामाशीष राय ने अपने पद और पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को भेज दिया है। रामाशीष राय ने अपने इस्तीफे में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- पार्टी अब अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है। देश में संविधान, लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं पर प्रहार हो रहा है, जिससे लोकतंत्र खतरे में आ गया है।

डॉ. रामाशीष राय ने पार्टी की तीन कमियां गिनाई

1. जेपी आंदोलन से राजनीति में आए, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन का सपना आज भी अधूरा है।
2. राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता की जगह धनबल, आर्थिक शक्ति और परिवारवाद हावी हो रहा है।
3. सार्वजनिक जीवन में ऐसे लोग ऊंचे पदों पर हैं, जो सामाजिक विभाजन और जातीय उन्माद को बढ़ावा दे रहे हैं।



4. किसान फसल के सही दाम के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि युवा बेरोजगारी की अनिश्चितता से जूझ रहा है।

पश्चिमी यूपी में आरएलडी का सियासी वजूदपश्चिम उत्तर प्रदेश में मजबूत राजनीतिक पकड़ रखने वाली राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के लिए यह एक बड़ा झटका माना जा रहा है। आरएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी केंद्र की मोदी सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा नीत एनडीए सरकार में आरएलडी के 2 मंत्री शामिल हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा में वर्तमान में आरएलडी के कुल 9 विधायक हैं। रामाशीष राय जैसे वरिष्ठ और पुराने नेता के इस तरह अचानक इस्तीफा देने से आरएलडी के भीतर अंदरूनी कलह और एनडीए गठबंधन के साथ पार्टी की वैचारिक दिशा को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं।

## मुस्लिम युवक ने की कांवड़ियों की सेवा

**हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया, बोला- इंसानियत सबसे बड़ा धर्म**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सावन माह में मेरठ की कांवड़ यात्रा के दौरान एक मुस्लिम युवक ने अनोखे अंदाज में शिवभक्तों की सेवा कर हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों की सेवा कर उसकी पहल चर्चा का विषय बन गई। यह मामला पल्लवपुरम थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली-देहरादून हाईवे के कांवड़ मार्ग का है। युवक मुस्लिम टोपी और कांवड़िया वेशभूषा में शिवभक्तों की सेवा करता नजर आया। उसने कांवड़ियों को जलपान कराया और यात्रा के दौरान आवश्यक सहयोग भी दिया। इस दौरान वह पूरे उत्साह के साथ 'जय भोले' और 'जय श्रीराम' के जयकारे भी लगाता रहा। उसकी इस पहल का कांवड़ियों ने भी स्वागत किया और उसका उत्साह बढ़ाया।

### बोला- इंसानियत सबसे बड़ा धर्म

युवक ने बताया कि हरिद्वार से पैदल गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्तों की सेवा करना उसके लिए सौभाग्य की बात है। उसने कहा कि धर्म और इंसानियत एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। इसी भावना के साथ उसने कांवड़ियों की सेवा की। उसने कहा कि उसका उद्देश्य समाज में भाईचारा, आपसी प्रेम और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देना है। यदि सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे की आस्था और पर्वों का सम्मान करें, तो समाज में प्रेम और एकता और मजबूत होगी। श्रद्धालुओं ने की पहल की सराहनाकांवड़ मार्ग पर मौजूद श्रद्धालुओं ने युवक की इस पहल की सराहना की। उनका कहना था कि ऐसे प्रयास समाज में आपसी विश्वास और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।

और लोगों के बीच सकारात्मक संदेश पहुंचाते हैं।

## वैशाली में फ्लैट में लगी आग

**गैस सिलेंडर फटते ही मची दहशत, दमकल की 3 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , वैशाली क्षेत्र के ग्रीन स्ट्रीट अपार्टमेंट में सुबह पौने 4 बजे फ्लैट में आग लग गई। आग की सूचना से यहां आसपास के फ्लैट में रह रहे लोग भी दहशत में आ गए। सूचना पर फायर स्टेशन वैशाली से दमकल की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची। जहां फ्लैट बंद था, दमकल की टीम ने आसपास के फ्लैट में रह रहे लोगों को भी सुरक्षित बाहर निकाला। 3 गाड़ियों की मदद से करीब 35 मिनट में आग पर काबू पाया। आग लगने से गैस सिलेंडर भी फटा राहुल पाल ने बताया कि संजय कुमार का फ्लैट बंद था। इस फ्लैट में सुबह 3 बजकर 40 मिनट पर आग लगी। प्लॉट नंबर-849 ग्रीन स्ट्रीट अपार्टमेंट सेक्टर-5 वैशाली में फ्लैट में आग लगते ही साहिबाबाद पुलिस और दमकल की गाड़ियां भी पहुंची। मेरे द्वारा भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली गई। जहां आसपास के लोगों को सुरक्षित निकालते हुए आग बचाने का काम शुरू किया। बंद



फ्लैट के लॉक तोड़े फायर सर्विस यूनिट ने फ्लैट के गेट के लॉक तोड़कर 2 सीढ़ियो से माध्यम से होज लाइन फैलाकर आग बुझानी शुरू की। जिससे आग आसपास के फ्लैट तक न पहुंच सके। इस दौरान अचानक सिलेंडर फटा तो फायर कर्मी भी दहशत में आ गए। गनीमत रही कि कोई जवान चपेट में नहीं आया। फ्लैट में आग की लपटें और धुआं बहुत अधिक था, फायर टीम ने समय रहते ही आग पर काबू पा लिया। इसमें किसी की कोई जनहानि नहीं हुई।

## डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में अटकी सबा फरहत की रिहाई

**पुलिस व्यस्त, सभी काम प्रभावित, जालसाजी का सुबूत ना मिलने पर हाईकोर्ट ने दी जमानत**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,पाकिस्तान मूल की मेरठ में ब्याही सबा फरहत की रिहाई डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में अटक कर रह गई है। 5 अगस्त को हाईकोर्ट ने 170 दिन बाद सबा फरहत को जमानत दे दी थी। शाम तक उनके अधिवक्ता ने हाईकोर्ट की डायरेक्शन के अनुसार सभी कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर दी। शाम तक अगर प्रक्रिया पूरी हो जाती है तो ठीक वरना तक के लिए इंतजार करना होगा। कांवड़ यात्रा चल रही है और सरकारी मशीनरी पूरी तरह व्यस्त है। ऐसे में इस अवधि के बढ़ने की संभावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। पहले एक नजर डालिए पूरे मामले पर यह मामला 14 फरवरी, 2026 को मेरठ के देहलीगेट थाना क्षेत्र की कोठी अतानस निवासी रुकसाना खान पत्नी अयाज अहमद की शिकायत पर दर्ज हुआ था। उनके द्वारा आरोप लगाया गया था कि पाकिस्तानी मूल की सबा उर्फ नाजी उर्फ नाजिया और



उनकी पुत्री ऐमन फरहत फर्जी दस्तावेजों और पासपोर्ट के आधार पर स्वयं को भारतीय नागरिक दर्शाकर अवैध रूप से मेरठ में रह रही हैं। शिकायत के अनुसार, देहलीगेट की नादिर अली बिल्डिंग निवासी फरहत मसूद ने पाकिस्तान जाकर सबा फरहत से विवाह किया था। विवाह के बाद उनके तीन बच्चे हुए। आरोप था कि वर्ष 1993 में पाकिस्तान में जन्मी बेटी ऐमन फरहत अपनी मां के पासपोर्ट के आधार पर भारत आई और मेरठ के सोफिया स्कूल में पढ़ाई की। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ऐमन ने भारतीय नागरिकता प्राप्त नहीं की, बावजूद इसके फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसका भारतीय पासपोर्ट बनवा लिया गया। यह भी आरोप लगाए गए सबा परसबा फरहत पर दो अलग-अलग नामों से वोटर आईडी बनवाने और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पाकिस्तान सहित अन्य देशों की यात्रा करने के भी आरोप लगाए गए थे। शिकायत में यह भी दावा किया गया था कि सबा के पिता हनीफ अहमद पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े रहे हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने सबा फरहत को पूछताछ के लिए बुलाकर गिरफ्तार कर लिया था।

### निचली अदालत से जमानत हुई खारिज

गिरफ्तारी के बाद निचली अदालत में जमानत याचिका डाली गई। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सबा पक्ष ने कहा था कि उन्होंने कभी वोटर आईडी के लिए आवेदन नहीं किया और न ही कभी विदेश यात्राएं की हैं। उन्होंने इससे जुड़े कुछ साक्ष्य भी कोर्ट के समक्ष पेश किए हालांकि निचली अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया था। मुकदमे से ऐमन आउट और मसूद इनमुकदमे में पहले सबा फरहत और उनकी बेटी ऐमन फरहत को नामजद किया गया था, लेकिन बाद में ऐमन का नाम हटा दिया गया। इसके बाद पुलिस ने सबा के पति मसूद फरहत को आरोपी बनाया। आरोप लगाया गया कि उन्होंने पाकिस्तान में जन्मी बेटी का मेरठ के एक निजी अस्पताल से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र तैयार कराया था।

## फ्लैट की छत का प्लास्टर गिरा

**बाल-बाल बचे फर्श पर खेल रहे बच्चे, करोड़ों के फ्लैट में सुरक्षा पर उठे सवाल**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बार फिर एक फ्लैट की छत का प्लास्टर गिर गया। यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र के गौर सिटी के फर्स्ट एवेन्यू में हुई, जहां अशोक कुमार अपने परिवार के साथ किराए पर रहते हैं। आज सुबह करीब 10:30 बजे जब उनकी पत्नी और बच्चे घर पर मौजूद थे, तभी अचानक प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा नीचे आ गिरा। प्लास्टर गिरने से तेज आवाज हुई। फ्लैट में मौजूद अशोक कुमार की पत्नी ने तुरंत इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में उन्होंने बताया कि कुछ देर पहले ही उनका बच्चा उसी जगह खड़ा था जहां प्लास्टर गिरा है। उन्होंने आशंका जताई कि अगर बच्चा वहां होता तो गंभीर रूप से घायल हो सकता था। सोसाइटी के एओए अध्यक्ष संदीप पाठक ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि आज सुबह करीब 10:30 बजे डी-157 नंबर फ्लैट में छत का प्लास्टर गिरा था।

## बारिश से अंडरपास में फंसी एंबुलेंस

**3 से 4 फीट भरा था पानी,अंदर नहीं था मरीज, लोगों ने धक्का देकर निकाला**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया है। सेक्टर-95 अंडरपास में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया, जिससे एक एंबुलेंस बीच रास्ते में फंस गई। गनीमत की बात यह रही कि एंबुलेंस में कोई मरीज नहीं था। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद लोगों और कर्मचारियों की मदद से एंबुलेंस को बाहर निकाला गया। सूचना मिलने के बाद संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जनरेटर लगाकर पानी निकालने का काम शुरू किया। जलभराव की वजह से कुछ समय तक इस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पसफार्बाद, बरौला, सलारपुर और भंगेल इलाके में भी भरा पानीसिर्फ सेक्टर-95 ही नहीं, शहर के सफार्बाद, बरौला, सलारपुर और भंगेल जैसे इलाकों में भी पानी भर गया। सुबह से रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है। हालांकि बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत जरूर मिली



है। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा करीब 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली, जबकि नमी 80 प्रतिशत के आसपास रही। 1 जून से 6 अगस्त तक 68 प्रतिशत कम बारिश हुईबारिश होने के बावजूद इस बार नोएडा में मानसून अब भी कमजोर बना हुआ है। 1 जून से 6 अगस्त तक जिले में सामान्य से करीब 68 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इस दौरान सिर्फ 77.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

## कैंटर अनियंत्रित होकर दुकान में घुसा

**ड्राइवर की मौत, सरिया लेकर जा रहा था**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के बादलपुर क्षेत्र में देर रात करीब 11 बजे सरिया से लदा एक कैंटर अनियंत्रित होकर जीटी रोड किनारे स्थित एक किराना दुकान में जा घुसा। हादसे में केबिन में फंसे चालक की मौत हो गई। पुलिस और दमकल विभाग ने काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीटी रोड पर हुआ हादसाहादसा थाना बादलपुर क्षेत्र के छपरौला में जीटी रोड पर एक निजी स्कूल के सामने हुआ। पुलिस के अनुसार, सिकंदराबाद से रोहतक जा



रहा सरिया से लदा कैंटर अचानक अनियंत्रित होकर महेश किराना स्टोर में घुस गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयाहाइड्रा मशीन से निकाला गया चालकसूचना मिलते ही बादलपुर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया था। उसे निकालने के लिए दमकल विभाग की टीम और हाइड्रा मशीन की मदद ली गई। काफी देर की मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया।

# मारपीट एवं अमानवीय कृत्य के प्रकरण में कुल 10 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना बभनी अरविन्द सरोज के कुशल नेतृत्व में थाना बभनी पुलिस द्वारा मारपीट एवं अमानवीय कृत्य के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। घटना दिनांक 07.08.2026 को आवेदक सरजू प्रसाद पुत्र हनुमान प्रसाद, निवासी ईकदिरी, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र द्वारा थाना बभनी पर लिखित प्रार्थना-पत्र दिया गया कि छेड़खानी की बात को लेकर उसके भाई भोला प्रसाद को दिनांक 06.08.2026 को बभनी बाजार से घर वापस आते समय दराई मोड़ के पास विपक्षीगण द्वारा एक राय होकर जान से मारने की नीयत से घर में खींच ले जाया गया तथा उसके साथ मारपीट कर अमानवीय कृत्य किया गया एवं उसे अपमानित किया गया। बीच-बचाव करने पहुंची आवेदक की पत्नी के साथ भी लाठी-डण्डे से मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना बभनी पर मु0अ0सं0-178/2026 धारा 109(1), 115(2), 352, 351(3), 191(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# पीहानी चुंगी से गूंजी हर-हर महादेव की गूंज, विशाल कांवड़ यात्रा रवाना

**500 से अधिक शिवभक्त हुए शामिल, आकर्षक झांकियों ने मोहा मन; बिलग्राम के लिए रवाना हुई यात्रा**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। रविवार की शाम शहर के मोहल्ला बिहानी चुंगी से विशाल कांवड़ यात्रा धूमधाम के साथ रवाना हुई। यात्रा में करीब 500 शिवभक्त शामिल हुए। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवड़ यात्रा बिहानी चुंगी से शुरू होकर नुमाइश चौराहा, सोल्जर बोर्ड चौराहा, सिनेमा चौराहा और बड़े चौराहे से होते हुए बिलग्राम के लिए रवाना हुई। यात्रा में विभिन्न धार्मिक एवं आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। झांकियों ने राहगीरों और स्थानीय लोगों का ध्यान आकर्षित किया। यात्रा के मार्ग में लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत किया। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी तैनात रहा।6.

कांवड़ लेकर लौट रहे छह वर्षीय मासूम की हादसे में मौत ट्रैक्टर-ट्रॉली से उतरते समय पैर फिसला, पहिए की चपेट में आया मासूम हरदोई। कांवड़ लेकर घर लौट रहे छह वर्षीय मासूम की बिलग्राम क्षेत्र में सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। लखीमपुर खीरी के मितौली थाना क्षेत्र के डहर गांव से करीब 45 ग्रामीण दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से हरदोई के मेहंदी घाट कांवड़ लेने आए थे। इनमें किसान राम लखन का छह वर्षीय बेटा हैप्पी भी शामिल था। शनिवार शाम कांवड़ लेकर वापस लौटते समय बिलग्राम क्षेत्र में कन्नौज मार्ग स्थित जलालपुर विद्युत उपकेंद्र के पास हैप्पी धीमी गति से चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से नीचे उतरने लगा। इसी दौरान पैर फिसलने से वह ट्रॉली के पहिए की चपेट में आ गया। पुलिस ने मासूम को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

# भीम सेना ने पुलिस सुधार, पुलिसकर्मियों की सुविधाओं, अपराध नियंत्रण एवं पीड़ितों को निष्पक्ष न्याय के लिए 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर। जिगना आज डॉ. भीमराव सामाजिक सेवा समिति ₹भीम सेना₹ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भीमराव गौतम जी के निदेशार्नुसार थाना जिगना के माध्यम से शासन एवं पुलिस प्रशासन को 15 सूत्रीय ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन सौंपते अशोक कुमार गौतम प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा ₹भीम सेना₹ ने बताया कि पुलिसकर्मियों की 8 घंटे की निर्धारित ड्यूटी, साप्ताहिक अवकाश, बेहतर चिकित्सा, बीमा, आवास एवं आवश्यक सुरक्षा संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की गई। जिगना सहित पूरे उत्तर प्रदेश में अवैध गांजा, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री-तस्करी, गौवंश की अवैध तस्करी तथा अन्य अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक और मुख्य तस्करों पर कार्रवाई की मांग की गई। झूठे मुकदमों, अवैध हिरासत एवं राजनीतिक/प्रभावशाली दबाव पर रोक लगाकर प्रत्येक मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं साक्ष्य-आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। वहीं प्रमुख चौराहों, बाजारों, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, बैंक-एटीएम एवं संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी, पुलिस गश्त एवं निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की मांग रखी गई। यह भी कहा कि रउ/रळ उत्पीड़न, साइबर अपराध, महिलाओं एवं बच्चियों के विरुद्ध अपराधों पर तत्काल प्राथमिकी, निष्पक्ष जांच, पीड़ित की सुरक्षा एवं नियमानुसार सहायता सुनिश्चित करने की मांग की गई। तथा जनसुनवाई एवं मुकदमों की विवेचना में मेडिकल रिपोर्ट, सीसीटीवी, गवाह, दस्तावेज, सी.डी.आर. सहित सभी महत्वपूर्ण साक्ष्यों को शामिल करने तथा लापरवाही या पक्षपात पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। भीम सेना के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को राजनीतिक दबाव अथवा व्यक्तिगत खुन्नस के कारण उत्पीड़ित या झूठे मुकदमे में फंसाने से बचाने तथा उनकी शिकायतों को सम्मानपूर्वक सुनने की मांग की गई। भीम सेना पीड़ित सहायता प्रकोष्ठ, परमानपुर, जिगना, मीरजापुर से प्राप्त शिकायतों को भी साक्ष्यों के आधार पर गंभीरता से लेकर निष्पक्ष एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने की मांग की गई। भीम सेना ने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन पर कोई भी अनुचित दबाव नहीं बनाया जाएगा।

## ख़ास समाचार

# एक वार्ड की जांच में 28 अपात्र मिले, अब पूरी नगरपालिका पर उठे सवाल

**सभी वार्डों में लाभार्थियों के शत-प्रतिशत सत्यापन की मांग, पात्रों को योजना का लाभ दिलाने की उठी आवाज**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में एक वार्ड की जांच के दौरान बड़ी संख्या में अपात्र लाभार्थी मिलने के बाद अब पूरी नगर पालिका क्षेत्र की लाभार्थी सूची पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एक वार्ड में जांच के दौरान 28 लाभार्थी अपात्र पाए गए और 50 लोगों का सत्यापन तक नहीं हो सका, तो अन्य वार्डों में भी लाभार्थियों की जांच कराई जानी चाहिए। लोगों ने सभी वार्डों में शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई जरूरतमंद परिवार आज भी आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। वहीं, योजना में अपात्र लोगों के नाम शामिल किए जाने की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। लोगों ने मांग की है कि सभी लाभार्थियों की आवासीय स्थिति, आय और पात्रता का दोबारा सत्यापन कराया जाए। साथ ही पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतते हुए पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाया जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन एक वार्ड की जांच तक सीमित रहता है या पूरी नगर पालिका क्षेत्र में जांच का दायरा बढ़ाता है।

# राशन कम देने को लेकर कोटेदार पर मारपीट का आरोप

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज (हरदोई)। थाना क्षेत्र के ग्राम फजलपुर निवासी सुधीर ने कोटेदार पर राशन कम देने के विवाद में मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में सुधीर ने बताया कि शनिवार को वह अपने साथी हरिओम व अन्य लोगों के साथ ग्राम नई बस्ती स्थित कोटेदार वेद प्रकाश की दुकान पर राशन लेने गया था। राशन कम देने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कोटेदार वेद प्रकाश और सौरभ ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा राशन न देने की धमकी देकर भगा दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार बीच-बचाव करने पहुंचे कमल के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष राजकुमार सरोज ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बस स्टॉप पर बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा, यातायात व्यवस्था प्रभावित

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज (हरदोई)। कस्बे के बस स्टॉप पर ई-रिक्शा चालकों द्वारा वाहनों को आड़े-तिरछे खड़ा किए जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सड़क किनारे और बस स्टॉप के आसपास ई-रिक्शा खड़े रहने से यात्रियों और अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीड़ के समय स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। बेतरतीब खड़े ई-रिक्शों के कारण कई बार आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। लोगों ने प्रशासन और यातायात पुलिस से ई-रिक्शों को निर्धारित स्थान पर खड़ा कराने तथा बस स्टॉप की यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

# पीएम आवास योजना की जांच रिपोर्ट पर उठे सवाल, 28 अपात्र मिले, 50 का सत्यापन नहीं

**जांच के बाद भी कार्रवाई न होने पर शिकायतकर्ता ने उठाए सवाल, पूरे नगर में सत्यापन की मांग**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में अनियमितताओं को लेकर शाहाबाद में सवाल खड़े हो गए हैं। एक वार्ड में हुई जांच के दौरान 47 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया, जिसमें 28 को अपात्र पाया गया, जबकि 50 लाभार्थियों का पता न मिलने के कारण सत्यापन नहीं हो सका। मामले की शुरूआत 30 अक्टूबर 2025 को जिलाधिकारी से की गई शिकायत से हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी शाहाबाद ने 20 अप्रैल 2026 को राजस्व निरीक्षक और तीन लेखपालों की चार सदस्यीय टीम गठित कर भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए थे। जांच टीम को 97 लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराई गई। इनमें 47 का सत्यापन हो सका, जबकि 50 लाभार्थियों का पता नहीं मिलने के कारण सत्यापन नहीं किया जा सका। सत्यापित लाभार्थियों में 28 को जांच टीम ने अपात्र बताया। कई मामलों में पहले से पक्का मकान अथवा पक्के कमरे बने होने को अपात्रता का कारण बताया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच रिपोर्ट सामने आने के बावजूद अब तक जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने पूरे नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी शाहाबाद ने बताया कि जांच जारी है और जल्द रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा विजयगढ़ किला का निरीक्षण

सोनभद्र। श्रावण मास एवं आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल द्वारा थाना रामपुर बरकोनिया क्षेत्रान्तर्गत स्थित विजयगढ़ किला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा विजयगढ़ किला परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, आवागमन, पार्किंग, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

# हर घर तिरंगा अभियान- 2026 के तहत पीएम श्री राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में गूंजा वन्दे मातरम

**बालिकाओं ने सामूहिक रूप से किया राष्ट्रीय गीत का गायन, राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना का दिया संदेश।**

**09 से 15 अगस्त तक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान-2026।**

अमन लेखनी समाचार





सोनभद्र। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वन्दे मातरम् के तृतीय चरण के साथ हर घर तिरंगा अभियान-2026 को उत्सव के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान 09 से 15 अगस्त, 2026 तक सम्पूर्ण देश में भौतिक एवं डिजिटल दोनों माध्यमों से आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पीएम श्री राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, सोनभद्र में राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाओं द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। सामूहिक गायन के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से सराबोर हो गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। उपस्थित सभी लोगों ने हर घर तिरंगा अभियान-2026 के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के माध्यम से नागरिकों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा डिजिटल माध्यमों से भी अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए वन्दे मातरम् के प्रति सम्मान और राष्ट्र के प्रति अपने समर्पण की भावना व्यक्त की।

# खेत से पम्पिंग सेट चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**चोरी का पम्पिंग सेट और वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद**

अमन लेखनी समाचार



संडीला/हरदोई। संडीला पुलिस ने खेत से पम्पिंग सेट चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया पम्पिंग सेट और वारदात में इस्तेमाल ई-रिक्शा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम टिकरा दाउदपुर निवासी राजू पुत्र नन्हके ने 7 अगस्त 2026 को थाने में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसके खेत से पम्पिंग सेट चोरी कर ले गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 306/26 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने सुराग के आधार पर ग्राम टिकरा दाउदपुर निवासी आरिफ पुत्र मासूक अली और नसीम पुत्र नसीब अली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी किया गया पम्पिंग सेट और घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मुकेश कौटार्य, हेड कांस्टेबल राजेश यादव, कांस्टेबल सादिक खान, मनी कुमार और आफताब शामिल रहे।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# जिलाधिकारी का स्पष्ट निर्देश : स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर वाहन चलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, स्कूली वाहनों की जांच का अभियान जारी**

**सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन के लिए सघन प्रवर्तन अभियान, 56 वाहनों के चालान एवं 14 वाहन बंद**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। शासन के निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूली वाहनों के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य वाहनों के विरुद्ध भी नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रवर्तन अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कुल 56 चालान तथा 14 वाहनों को बंद करने की कार्रवाई की गई। प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान 05 ओवरलोड वाहनों के चालान तथा 03 ओवरलोड वाहनों को बंद, 09 बिना फिटनेस संचालित वाहनों के चालान, 10 परमिट की शर्तों के विरुद्ध संचालित वाहनों के चालान, 16 बिना हेलमेट वाहन चलाने के चालान तथा 06 वाहन चालकों द्वारा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर चालान की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए ऑटो, टोटो एवं ई-रिक्शा सहित स्कूली बच्चों के आवागमन में प्रयुक्त वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जांच के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ले जाने, आवश्यक दस्तावेज एवं फिटनेस का अभाव तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### स्कूली वाहनों के संचालकों एवं चालकों को दिए गए स्पष्ट निर्देश

एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा स्कूली वाहनों के संचालकों, ड्राइवरों एवं ई-रिक्शा चालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वाहनों की निर्धारित क्षमता एवं शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार ही स्कूली बच्चों का परिवहन किया जाए। किसी भी दशा में क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में न बैठाया जाए। वाहन के आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस एवं अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूर्ण रखना अनिवार्य होगा। वाहन संचालकों एवं चालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालक एवं संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सिंदुरिया गांव में चोरों का धावा, घर के बाहर से बाइक और जनरेटर का अल्टीनेटर हुआ चोरी

**रात करीब दो बजे के आसपास वारदात को दिया अंजाम, परिजनों को कमरे में बाहर से किया बंद।**

**लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत।**

अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र। थाना चोपन क्षेत्र के ग्राम सिंदुरिया में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर के बरामदे में रखी मोटरसाइकिल और जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी कर ले गए। वारदात के दौरान चोरों ने घर के लोगों को अंदर से बाहर निकलने से रोकने के लिए दरवाजे की बाहर से कुंडी लगा दी थी। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्राम सिंदुरिया निवासी अशोक मिश्रा पुत्र स्वर्गीय त्रिभुवन राम मिश्रा के घर पर देर रात करीब दो बजे चोर पहुंचे। बताया जा रहा है कि परिवार के सदस्य घर के अंदर सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर के बरामदे में रखी मोटरसाइकिल को उठा लिया और जनरेटर का अल्टीनेटर भी खोलकर अपने साथ ले गए। बताया गया कि रात में अशोक मिश्रा की नींद खुली और वह बाथरूम जाने के लिए उठे। जब उन्होंने दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। इस पर उन्होंने घर में सो रहे अन्य परिजनों को आवाज देकर जगाया। सभी लोग जब पास आए तो पता चला कि घर का दरवाजा बाहर से कुंडी लगाकर बंद किया गया था इसके बाद किसी तरह घर के पीछे का दरवाजा खोलकर परिवार के लोग बाहर निकले। बाहर आने पर बरामदे में रखी मोटरसाइकिल गायब मिली, जबकि जनरेटर का अल्टीनेटर भी खोलकर चोर ले जा चुके थे। घटना की जानकारी तत्काल थाना चोपन पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। पुलिस टीम आवश्यक पूछताछ के बाद वापस लौट गई।

### नदी की ओर खेत मे मिली मोटरसाइकिल

सुबह किसी व्यक्ति की नजर घर से कुछ दूरी पर नदी की तरफ पड़ी, जहां एक मोटरसाइकिल फेंकी हुई मिली। इसके बाद इसकी जानकारी पीड़ित परिवार को हुई। हालांकि मोटरसाइकिल से जनरेटर का अल्टीनेटर गायब था। इससे आशंका जताई जा रही है कि चोर मोटरसाइकिल को कुछ दूर ले जाने के बाद नदी की तरफ छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार सिंदुरिया क्षेत्र में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। पिछले करीब 10 से 15 दिनों के भीतर लगभग आधा दर्जन चोरी की घटनाएं होने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद अभी तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। लगातार चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल बनता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में बड़ी वारदात भी हो सकती है। एक के बाद एक चोरी की घटनाओं के सामने आने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
**मो. – 9838159555, 9935457982**
**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## रॉकिंग स्टार यश का टॉक्सिक ट्रेलर आउट

मुंबई। काफी इंतजार के बाद आखिरकार टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स का ट्रेलर आ गया है, जो एक ऐसे फैले हुए दुनिया की पहली झलक देता है, जहाँ कैओस का टकराव कैओस से होता है, वफादारियाँ टेस्ट होती हैं और हर किरदार अपनी अलग कहानी लेकर चलता है। रॉकिंग स्टार यश की अगुवाई में ये ट्रेलर टॉक्सिक को एक बड़े स्केल वाली, लार्जर दैन लाइफ मैग्नम ओपस के रूप में पेश करता है, जिसमें हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ एक इमोशन से भरी कहानी है—जो प्यार, पावर की भूख, धोखा और रिडेम्प्शन पर टिकी है। ट्रेलर में रिश्तों और दुश्मनियों का एक पूरा जाल भी दिखाया गया है, जिसमें नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मिणी वसंत और हुमा कुरैशी के किरदारों की झलक मिलती है।

लाइफ Style

## भूमि असम बाढ़ के लिए आईं आगे



भूमि पेडनेकर असम के शिवसागर जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंची थीं। उन्होंने वहां पहुंचकर राहत सामग्री लोगों को बांटी। इसके अलावा सोशल मीडिया के जरिए इस काम में लगे वॉलंटियर्स की तारीफ की। साथ ही फैंस से असम बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए दान देने की अपील की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अपने इंस्टाग्राम पेज पर बाढ़ प्रभावितों की मदद करते हुए एक वीडियो भूमि पेडनेकर ने पोस्ट किया है। इसके अलावा एक इंस्टाग्राम स्टोरी भी लगाई है, जिसमें उनकी गाड़ी बाढ़ वाले पानी में चल रही है। इस पोस्ट के साथ वह लिखती हैं, 'यह मुश्किल है। आपको इसे अनुभव करना होगा, जिससे आप समझ सकें कि इसका असर कितना गहरा है। मैं एडमिनिस्ट्रेशन और सभी वॉलंटियर्स को सलाम करती हूं क्योंकि वह बाढ़ से प्रभावित होने के बावजूद 24 घंटे काम कर रहे हैं।

भूमि पेडनेकर के साथ इस मुहिम में भारत डिजास्टर रिलीफ फाउंडेशन के वॉलंटियर भी शामिल थे। यह संस्था जुलाई के आखिर से शिवसागर के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्य कर रही है। यह संस्था प्रभावित समुदायों को भोजन, जरूरी सामान और दूसरी जरूरी सहायता पहुंचा रही है। साथ ही रिकवरी और पुनर्वास के काम में भी मदद कर रही है।

भूमि पेडनेकर के करियर फ्रंट की बात करें तो वह फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' का हिस्सा बनी हैं। इस फिल्म में ऋषभ, शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में भूमि पेडनेकर वॉरियर क्वीन बेलवाडी मल्लम्मा का किरदार निभाएंगी।

हॉलीवुड मसाला




## 21 अगस्त को रिलीज होगी इनसिडियस...

लॉस एंजेलिस। इनसिडियस फ्रेंचाइजी अब तक की सबसे सफल और चिरस्थायी हॉरर सीरीज में से एक बन चुकी है, जिसने दुनियाभर में 740 मिलियन डॉलर से भी अधिक की कमाई की है। जैकब चास निर्देशित, इनसिडियसः आउट ऑफ द फर्दर को 21 अगस्त को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में भारत भर के सिनेमाघरों में रिलीज करेगा।
इनसिडियसः आउट ऑफ द फर्दर में एमिलिया ईव जेम्मा की भूमिका निभा रही हैं, जो अपनी बेटी को उसी घर में पाल रही है, जहाँ वह खुद बड़ी हुई थी। जब उसे पता चलता है कि वह द फर्दर इनसिडियस दुनिया के केंद्र में मौजूद खोई हुई आत्माओं का रहस्यमयी लोक में जा सकती है, तो उसे एक भयावह सच्चाई का सामना करना पड़ता है।



## टॉम-जैंडेया ने की दूसरी बार सीक्रेड वेडिंग

लॉस एंजेलिस। टॉम हॉलैंड और एक्ट्रेस जैंडेया ने ब्रिटेन में दूसरी बार गुपचुप शादी कर ली है। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी शादी में 6 करोड़ 40 लाख रुपए खर्च हुए। स्पाइडर मैन बने टॉम हॉलैंड प्रोफेशनल लाइफ में सफलता पाने के साथ-साथ पर्सनल लाइफ में भी खुशियां बटोर रहे हैं। उन्होने अपने घर इंग्लैंड में एक्ट्रेस जैंडेय के साथ दोबारा शादी रचाई। ये सीक्रेट वेडिंग करीब 3 दिनों तक बीवरब्रुक एस्टेट में चली, जो टॉम के घर किंग्स्टन अपॉन थेम्स से ज्यादा दूर नहीं थी। रिपोर्ट अनुसार, टॉम-जैंडेया की शादी में इंडियन रुपए के हिसाब से 6 करोड़ 40 लाख रुपए खर्च किए थे। शादी में किसी को फोन लाने की इजाजत नहीं दी गई थी। हॉलीवुड कपल ने अपनी शादी में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, काइली जैनर, और टिमोथी चालमेट जैसे जाने-माने चेहरों को इनवाइट किया थाे। रिपोर्ट में कहा गया है कि टॉम-जैंडेया ने अपनी शादी की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर लीक नहीं होने देने के लिए काफी जद्दोजहद की, जिसमें से एक नो फोन पॉलिसी भी थी।



## स्वरा डेंगू के चपेट में शेयर की तस्वीरें

मुंबई। एक्ट्रेस स्वरा भास्कर हाल ही में डेंगू की चपेट में आने वाली सेलिब्रिटी बन गई हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी सेहत के बारे में जानकारी दी है। स्वरा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अस्पताल से अपनी एक तस्वीर शेयर की और अपनी सेहत के बारे में जानकारी दी है। अभिनेत्री ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें देखा जा सकता है कि वह नीली सफेद ड्रेस में हैं। उनके हाथ में विको लगा है। वह अपने हाथ से विक्ट्री का निशान बना रही हैं। तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'सब कुछ कितनी तेजी से हो गया। डेंगू हो गया और अस्पताल में भर्ती होना पड़ा!' हालांकि उन्होंने अपने लक्षणों या अस्पताल में रहने की अवधि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन उनके छोटे से बयान से फॉलोअर्स को उनकी हालत के बारे में पता चल गया।



## ओटीटी पर स्ट्रीम हो रही मनोज की 'गवर्नर'

मुंबई। मनोज बाजपेयी की फिल्म 'गवर्नर' अब आप ओटीटी पर देख पाएंगे। यह अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। इसे मेकर्स ने जून 2026 में थियेटर्स में रिलीज किया था। फिल्म में 1991 के आर्थिक संकट को बयां किया गया है। इसमें दिखाया गया है कि विपरीत हालातों में गवर्नर रमनन कैसे देश को मुश्किल हालात से बाहर निकालते हैं। प्राइम वीडियो ने 7 अगस्त को फिल्म 'गवर्नर' के एक्सक्लूसिव ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्रीमियर का ऐलान किया। यह फिल्म भारत के इतिहास के एक खास चैप्टर को पर्दे पर जीवंत करती है, जिसकी कहानी 1991 के देश के आर्थिक संकट पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन चिन्मय डी. मंडलेकर ने किया है और इसका निर्माण सनशाइन पिक्चर्स लिमिटेड ने किया है। फिल्म में अहम भूमिका में मनोज बाजपेयी हैं। उनके साथ अदा शर्मा और नौशाद मोहम्मद कुंजू नजर आएंगे।



## शेयर की मैटरनिटी मोमेंट्स की तस्वीरें

मुंबई। साउथ सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु मां बनने जा रही हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए गर्भावस्था के खूबसूरत पलों को फैंस संग शेयर किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें उन्हें मैटरनिटी से जुड़ी एक किताब पढ़ते हुए देखा गया। एक तस्वीर में, अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु सोफे पर लेटी हुई इना मे की 'गाइड टू चाइल्डबर्थ' किताब पढ़ती हुई दिखीं। उन्होंने कैप्शन लिखा, अगस्त एनर्जी और साथ में सफेद दिल वाले इमोजी भी लगाए। काफी समय से अभिनेत्री की प्रेग्नेंसी की खबरें चल रही थीं। इन पर अभिनेत्री ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान जल्द ही मैटरनिटी ब्रेक लेने की बात कही थी।

सामंथा ने पिछले साल दिसंबर में एक छोटी सी सेरेमनी में फिल्ममेकर राज निदिमोरू से शादी की थी। अभिनेत्री इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'मां इंति बंगारम' की सफलता का जश्न मना रही हैं। यह एक महिला प्रधान एक्शन-फैमिली ड्रामा है, जो बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। फिल्म में गुलशन देवैया, दिगंत और गौतमी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं।

## 15 अगस्त को ओटीटी पर 'भारत भाग्य विधाता' का प्रीमियर



मुंबई। अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' अब सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 12 जून को रिलीज हुई यह फिल्म क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स पाने के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। मगर अब ये ओटीटी पर अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। दर्शक इसे स्वतंत्रता दिवस के मौके पर घर बैठे देख सकेंगे। 'भारत भाग्य विधाता' का प्रीमियर 15 अगस्त से जी5 पर होगा। फिल्म की डिजिटल रिलीज की घोषणा करते हुए प्लेटफॉर्म ने नया ट्रेलर जारी किया। यह फिल्म 26/11 मुंबई आतंकी हमलों की उस अनसुनी कहानी को सामने लाती है, जिसमें कामा अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की रक्षा की थी। कंगना रनौत ने फिल्म को लेकर कहा कि कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जिन्हें हर हाल में दुनिया तक पहुंचना चाहिए और 'भारत भाग्य विधाता' उन्हीं में से एक है। अभिनेता और निर्माता दोनों भूमिकाओं में उनके लिए यह बेहद खास प्रोजेक्ट रहा।

## डेटिंग पर तोड़ी चुप्पी, बोलीं अफवाहों पर न करें भरोसा




मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। दोनों के डेटिंग करने की खबरें तेजी से वायरल हो रही थीं। अब मृणाल ठाकुर ने खुद इन खबरों पर प्रतिक्रिया देकर अफवाहों को खारिज कर दिया है। दरअसल, मृणाल और यशस्वी को मुंबई के बांद्रा वेस्ट में एक ही कैफे से बाहर निकलते हुए देखा गया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने दोनों के रिश्ते को लेकर तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए। मृणाल ने एक वीडियो के कमेंट सेक्शन में यशस्वी के साथ अपने रिश्ते की खबरों पर प्रतिक्रिया दी।

## 5 सितंबर से एयर होगा फैमिली गेम शो, अनिल कपूर करेंगे होस्ट

मुंबई। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अनिल कपूर जल्द ही रियलिटी क्विज शो 'इंडिया के टॉप 1 पर्सेंट' को होस्ट करते नजर आएंगे। यह शो 5 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। शो की घोषणा के साथ ही अनिल कपूर ने इसकी खासियतों के बारे में बताया कि यह दर्शकों के लिए एक नया अनुभव लेकर आएगा। अनिल कपूर ने कहा कि वह इस शो को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैं यह घोषणा करते हुए बहुत खुश हूं कि 'इंडिया के टॉप 1 पर्सेंट' का प्रीमियर 5 सितंबर को होने जा रहा है। इस शो का शानदार लॉन्च एक बेहद खास अनुभव रहा। इतने भव्य और शानदार माहौल में इस शो की शुरुआत की घोषणा करना मेरे लिए और भी यादगार पल बन गया है। अनिल ने बताया, यह शो दुनियाभर में लोकप्रिय रहे इंटरनेशनल फॉर्मेट 'द 1 पर्सेंट क्लब' का भारतीय रूप है। यह फॉर्मेट नीदरलैंड्स, जर्मनी, स्पेन, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, इजरायल, तुर्की, यूक्रेन, मैक्सिको और अमेरिका जैसे कई देशों में दर्शकों का मनोरंजन कर चुका है। अब यह पहली बार भारतीय दर्शकों के सामने पेश किया जा रहा है।' अनिल कपूर ने कहा, 'इंडिया के टॉप 1 पर्सेंट' आम क्विज शो की तरह नहीं होगा। यह शो इस बात पर निर्भर नहीं करता कि आपको कितनी चीजों की जानकारी है, बल्कि यह इस बात को सामने लाता है कि आप किस तरह सोचते हैं। आपकी सोचने की क्षमता, किसी बात को समझने का तरीका और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता इस शो में सबसे ज्यादा मायने रखेगी। इंडिया के टॉप 1 पर्सेंट' का प्रसारण 5 सितंबर से किया जाएगा।



## 51 साल पुराना गाना : जलते पत्थरों और कांच पर हेमा का यादगार डांस

### लता मंगेशकर की आवाज, आरडी बर्मन के संगीत ने बनाया गाने को कालजयी

मुंबई। हिंदी सिनेमा में कुछ गाने ऐसे हैं, जो सिर्फ सुने नहीं जाते। उनकी पिक्चराइजेशन ऐसी है कि वे दर्शकों के दिल और यादों में हमेशा के लिए बस चुके हैं। पर्दे पर कलाकारों की अदाकारी, भावनाएं और संगीत का मेल उन्हें एक अलग पहचान दे देता है। एक गाने ने 51 साल पहले पर्दे पर रोमांस, दर्द और जुनून का कुछ ऐसा ही नजारा पेश किया था। आज भी इस गाने की धुन सुनते ही दर्शकों के सामने एक शानदार अदाकारा का वो खास अंदाज याद आ जाता है, जब उन्होंने अपने किरदार के लिए ऐसा परफॉर्म किया था कि हर कोई हैरान रह गया था। धर्मेंद्र के लिए फिल्माया गया यह सीन आज भी बॉलीवुड के सबसे यादगार पलों में गिना जाता है। यह गाना शोले फिल्म का 'जब तक है जान' है।



### गाना शूट करना था बेहद मुश्किल

*फिल्म के डायरेक्टर रमेश सिप्पी ने इस गाने को फिल्माते समय क्या दिक्कते आईं इनके बारे में भी बताया है, उन्होंने बताया कि, इस गाने को फिल्माना बहुत मुश्किल था, पत्थर बहुत गर्म था। तपती धूप के नीचे हेमा को नाचना पड़ा। शूट से पहले तैयारी होती थी, एक कपड़ा बिछाया जाता था, जब क्लोजप शॉट लिए जाते थे। लेकिन जब सिर्फ पैर के शॉट और पत्थर लेना होता तो उनको करना ही पड़ा। उन्होंने बहुत हिम्मत दिखाई और गाना कर लिया।*

### फिल्म शोले का यादगार पल जिसे आज भी नहीं भूले फैंस

1975 में रिलीज हुई फिल्म शोले हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जाती है। फिल्म ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचा, बल्कि इसके किरदार और गाने आज भी दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। इसी फिल्म का गाना 'जब तक है जान, मैं नाचूंगी' अपने समय से काफी आगे का गाना था। इस गाने को हेमा मालिनी पर फिल्माया गया था। उन्होंने बसंती के किरदार में ऐसा जबरदस्त प्रदर्शन किया कि यह सीन अमर हो गया। फिल्म में बसंती अपने प्यार वीरू यानी धर्मेंद्र के लिए कांच के टुकड़ों पर नाचने को मजबूर होती है। इस दर्दभरे और भावुक सीन में हेमा मालिनी की अदाकारी ने दर्शकों को भावुक कर दिया था।

### आरडी बर्मन के संगीत का जादू

'जब तक है जान' को स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी, उनकी मधुर और इमोशनल आवाज ने गाने के दर्द को और गहरा बना दिया। वहीं इस यादगार गीत का संगीत तैयार किया था मशहूर संगीतकार आरडी बर्मन ने। गाने के बोल और धुन ने बसंती के किरदार की मजबूरी, प्यार और हिम्मत को बखूबी पेश किया। यही वजह है कि इतने साल बाद भी यह गाना लोगों की पसंदीदा प्लेलिस्ट में शामिल है।